शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 284 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 05 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेजः 8


### तृतीय चंद्रघंटा



आज मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना होगी। मां चंद्रघंटा के शिख पर चंद्र और हस्त में घंटा है, जो शांति व नाद के प्रतीक हैं। मां के 10 हाथ हैं। मां का वाहन सिंह है। देवासुर संग्राम में देवी के घंटा नाद से कई असुर काल के ग्रास बन गए। शास्त्रों में, आराधना में नाद पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुर व संगीत दोनों को ही वशीकरण का बीज मंत्र माना गया है। चंद्रघंटा देवी इसी की आराध्य शक्ति हैं। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती हैं। मां के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम् का पाठ मंगल फलदायी है। दुर्गा मां का यह स्वरूप है कल्याणकारी है।

## हरियाणा का रण — राज्य की 90 विस. सीटों पर मतदान, 1031 उम्मीदवार मैदान में

# गुरूग्राम और पंचकुला में सबसे धीमा मतदान

**चंडीगढ़( एजेंसी )।** हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर मतदान आज सुबह से ही जारी है। राज्य के दो करोड़ वोटर 1031 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। वहीं वोटिंग पूरी होने से पहले ही कांग्रेस और बीजेपी में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर जुबानी जंग थम नहीं रही है। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने कहा वोट डालने के बाद कहा कि हाईकमान मुझे नजरअंदाज नहीं कर सकता है तो वहीं बीजेपी के दिग्गज नेता अनिल विज ने भी सीएम पद के लिए अपनी दावेदारी फिर से पेश कर दी है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी मुझे चाहेगी तो अगली मुलाकात आपसे मुख्यमंत्री आवास पर होगी। मतदान के दौरान महेन्दगढ़ की नागल चौधरी सीट पर मतदान के दौरान हाथापाई की खबर है यहां कांग्रेस उम्मीदवार पर बूथ कब्जा करने का आरोप लगा है। मतदान के दौरान कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा ने रोहतक में अपना वोट डाला। अंबाला कैंट विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने भी अपना वोट डाला। कांग्रेस नेता विनेश फोगाट ने चरखीदादरी के मतदान केन्द्र पर वोट डाला। हरियाणा में दोपहर 1 बजे तक ..... मतदान हो गया था एनसीआर के गुरूग्राम और पंचकुला में सबसे धीमा मतदान हो रहा है।













अंबाला छावनी के 12 क्रॉस रोड स्थित कम्यूनिटी सेंटर के बाहर बने 155, 156, 157 नंबर मतदान केंद्र के दो सौ मीटर के दायरे में लगे अलग-अलग पार्टियों के टेंटों को लेकर सुबह (शेष पृष्ठ-3 पर)

### 90 सीटों पर 1031 उम्मीदवार

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हो रहा है। प्रदेश की 90 सीटों पर 2.03 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। प्रदेश भर में कुल 1031 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। हरियाणा के नतीजे जम्मू कश्मीर के साथ ही 8 अक्तूबर को आएंगे। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में 2.03 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 2.03 करोड़ मतदाताओं में से 1.07 करोड़ से अधिक मतदाता पुरुष हैं, जबकि 95 लाख से अधिक मतदाता महिलाएं हैं और 467 थर्ड जेंडर हैं। यहां 5.24 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष के बीच है। राज्य में कुल 1.49 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिनमें से 93.5 हजार पुरुष, 55.5 हजार महिलाएं और छह थर्ड जेंडर हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 2.31 लाख मतदाता हैं, जिनमें 89.9 हजार पुरुष और 1.41 लाख महिलाएं हैं। इसके अलावा, 100 वर्ष से अधिक आयु के 8,821 मतदाता हैं, जिनमें 3,283 पुरुष और 5,538 महिलाएं हैं। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 1.09 लाख है, जिनमें 1.04 लाख पुरुष और 4,791 महिलाएं हैं।

### फर्जी वोट को लेकर तनातनी

अंबाला के नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर 173 नगला राजपुतान में जाली वोट को लेकर तनातनी का माहौल बन गया। एसएचओ नारायणगढ़ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बस की टक्कर से युवक की मौत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के दादरी रोड पर तेज गति में आ रही बस ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मूल रूप से जनपद बुलंदशहर निवासी यतेंद्र कुमार 3 अक्टूबर को दादरी रोड पर जा रहा था। आर्य समाज मंदिर के सामने तेज गति में आ रही बस का चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने यतेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से यतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यतेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस संबंध में मृतक के पिता नरेंद्र सिंह ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है।

## नोएडा के सेक्टर-122 में 'सफ़ाई गिरी' अभियान



**नोएडा( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर 122 में सफ़ाई गिरी अभियान चलाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता के प्रति समर्पण के लिये संकल्प लिया ।

नोएडा सेक्टर 122 आरडब्ल्यए के अध्यक्ष डॉ उमेश शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को सेक्टर की मुख्य समस्याएँ गिनाई और उन पर जल्द कार्यवाही की माँग की ।श्री शर्मा ने अधिकारियों के सामने विकास मार्ग पर यू-टर्न, सेक्टर-73/ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कंपनी का अधिकारी बन युवती से लाखों का साइबर फ्रॉड



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक नामी कंपनी में कार्यरत युवती के साथ साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाना एक्सप्रेसवे में साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है ।युवती का आरोप है कि जालसाज ने उसकी कंपनी का अधिकारी बनकर उसके साथ डेढ़ लाख रुपए का फ्रॉड किया है।

गोल्डन पाल्म सोसायटी में रहने वाली मीनाक्षी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 21 अगस्त को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक विदेशी नंबर से मैसेज आया। उक्त नंबर की प्रोफाइल पर उसकी कंपनी के एक उच्च अधिकारी की फोटो लगी हुई थी और उनके नाम का उल्लेख था। मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को उसकी निजी और नौकरी से संबंधित कई जानकारियां थी। जिस नंबर से उसे मैसेज आया वह भारतीय नहीं था इस कारण उसे लगा कि यह नंबर उसकी ही कंपनी के किसी अधिकारी का है जो जापान की यात्रा पर गए हुए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 27वीं मंजिल से बच्ची गिरी, हालत गंभीर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौर सिटी की सोसायटी में 14 एवेन्यू स्थित बिल्डिंग की 27वीं मंजिल से एक 5 वर्ष की बच्ची गिर गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत गौर सिटी 14 एवेन्यू की एक हाईराइज सोसायटी में 27वीं मंजिल से एक बच्ची नीचे गिर गई। 5 साल की मासूम बच्ची अपने घर की बालकनी में खेलते (शेष पृष्ठ-3 पर)

## करंट की चपेट में नंदी की मौत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बीटा-1 में विद्युत करंट की चपेट में आकर नंदी की दर्दनाक मौत हो गई। इससे लोगों में काफी आक्रोश है।

समाजसेवी हरेंद्र भाटी ने इस घटना पर आक्रोश जताते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से एनपीसीएल और प्राधिकरण को लगातार चेतावनी दे रहे थे कि इलाके में करंट का खतरा बना हुआ है। हमने अधिकारियों से कई बार शिकायत की थी कि जल्द कार्रवाई की जाए, जिससे कोई बड़ा हादसा न हो, लेकिन हमारी बात को नजरअंदाज कर दिया गया। आज इस लापरवाही का नतीजा सबके सामने है।

हरेंद्र भाटी ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई हो। पहले भी कई बेजुबान जानवर इसी लापरवाही का शिकार हो चुके हैं।

इस दर्दनाक घटना के बाद स्थानीय लोग बेहद नाराज हैं और एनपीसीएल तथा प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि इलाके में बिजली की व्यवस्था लंबे समय से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रंगदारी न देने पर दबंगों ने बोला जानलेवा हमला

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम गुलिस्तानपुर में दबंगों ने एक व्यक्ति के घर पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसका पड़ोसी दबंग किस्म का है और वह उस से एक लाख रुपए की रंगदारी मांग रहा है। रंगदारी न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गुलिस्तानपुर गांव निवासी प्रीतम सिंह ने बताया कि वह 3 अक्टूबर की शाम को न्यायालय से अपने घर आया था। वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला विजेंद्र चौहान, उसकी पत्नी रेखा, बेटी आरती योगिता व बेटे पृथ्वी ने (शेष पृष्ठ-3 पर)



## सोसायटी में स्ट्रीट डॉग का बच्चे पर हमला

### डॉग लवर के खिलाफ एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पॉम ओलंपिया सोसाइटी में खेल रहे बच्चे पर स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर उसे घायल कर दिया। बच्चों के पिता ने थाना बिसरख में एक डॉग लवर पर स्ट्रीट डॉग को सोसाइटी में लाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। सोसाइटी में रहने वाले सुरेंद्र पांडे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा श्रेनन 2 अक्टूबर को सोसाइटी में खेल रहा था। इस दौरान सोसायटी के टावर 8 के पास घूम रहे दो स्ट्रीट डॉग ने उस पर हमला बोल दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY

(AFFILIATED TO CBSE)

B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636

Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY

(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)

Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,

Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!

We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.

FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available

FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


## 6 अक्टूबर को भी खुले रहेंगे सभी रजिस्ट्री दफ्तर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नवरात्र पर्व पर नये भवन व संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने की मनोकामना के मददेनजर रविवार 6 अक्टूबर को जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर सहायक महानिरीक्षक (निबंधन) प्रथम बी0एस0 वर्मा एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन (द्वितीय) शशि भानु मिश्र ने बताया कि माह अक्टूबर-2024 के प्रथम सप्ताह में नवरात्र पर्व के दृष्टिगत जनपद के उप निबन्धक कार्यालयों में निबन्धन हेतु लेखपत्रों के प्रस्तुतिकरण में भारी वृद्धि होने की प्रबल सम्भावना है। इसलिए 6 अक्टूबर (रविवार) को जनपद गौतमबुद्ध नगर के समस्त उप निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे एवं सामान्य दिनों की भांति लेखपत्रों के पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। इस सम्बन्ध में समस्त उप निबन्धक अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत अधिवक्ता संघ/बैनामा लेखक/ स्टाम्प विक्रेता एवं जन-सामान्य को अवगत करा दें।

## अब इजराइल की ड्रिप तकनीक से होगी सिंचाई!

### सीएसआर के जरिए लागू होगी योजना, प्राधिकरण कर रहा है तैयारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दुनिया में अपनी आधुनिक तकनीक तथा लड़ाकू देश के रूप में चर्चित इजरायल की ड्रिप सिंचाई तकनीक नोएडा में भी लागू करने पर मंथन हो रहा है। नोएडा प्राधिकरण इस तकनीक के जरिए आप उद्योग व ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज के पौधों की सिंचाई करेगा।

ये काम सीएसआर के तहत होगा। इसके लिए प्राधिकरण ने अपने सलाहकार को एस्टीमेट बनाने के लिए कहा है। इसके लिए सर्विस लेन पर एक टैंकर बनाया जाएगा। जिसमें एसटीपी से लाया गया पानी स्टोर होगा। इस पानी को फिल्टर किया जाएगा। फिल्टर पानी दूसरी पाइप लाइन के जरिए एक्सप्रेस वे की सेंट्रल वर्ज तक जाएगा। इस पाइप में कुछ-कुछ दूरी पर छेद होते है। इन छेदों से पानी ड्राप-ड्राप करके जमीन पर पानी जाता है। जिससे पौधों को पानी मिलता है। साथ ही पानी की बर्बादी नहीं होती।

ड्रिप सिंचाई की एक आधुनिक तकनीक है । जिसमें पानी पौधों की जड़ों तक बूंद-बूंद करके पहुंचाया जाता है। इसे टपक सिंचाई या बूंद-बूंद सिंचाई भी कहा जाता है। ड्रिप सिंचाई में पानी की बर्बादी कम होती है और पौधों को ज़रूरी मात्रा में पानी मिलता है। इसमें खर्चा सिर्फ टैंकर और पानी सप्लाई के पाइप की आवश्यकता होती है। इस टैंकर से पानी सप्लाई का काम मशीनों से किया जाता है। इसे इको फ्रेंडली बनाने के लिए मशीन आपरेशन का सारा काम सौलर एनर्जी से किया जाएगा। एसीईओ बंदना त्रिपाठी ने बताया कि एसटीपी में लगे टीटीपी प्लांट के पानी से पौधों की सिंचाई की जाएगी। इसके लिये पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसका खर्चा वायु गुणवता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) वहन कराये।

## नोएडा मेट्रो में यात्रियों ने सवारी कर तोड डाला रिकॉर्ड

### एनएमआरसी की राइडरशिप में बड़ा उछाल, सितंबर महीने में रिकॉर्ड टूटा



**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच दौड़ रही नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की (एनएमआरसी) एक्वा लाइन में यात्रियों ने सवारी कर पिछले सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नोएडा मेट्रो की राइडरशिप में सितंबर महीने में बड़ा उछाल आया है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने (शेष पृष्ठ-3 पर)




# जेलों में भेदभाव

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था। जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था कि यदि कैदी नाई है तो उसे बाल व दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा, ब्राह्मण कैदी को खाना बनाने का काम मिलेगा और वाल्मीकि कैदी को सफाई का काम दिया जाता था। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इस मामले में दस महीने के भीतर ही सुनवाई पूरी कर ली थी। यहां तक कि दस जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को अदालत में पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की जेल नियमावली को पढ़ते हुए कहा कि ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने भी फरवरी में एक नोटिस जारी करके कहा था कि ये भेदभाव गैरकानूनी है। साथ ही कहा कि जेल मैन्युअल कैदियों को धर्म व जाति के आधार पर बांटते हैं। उसी आधार पर काम बांटते हैं। साथ ही राज्यों व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उनके राज्यों में जेल के नियमों में किसी तरह का भेदभावपूर्ण प्रावधान न हो। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों को कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करने को कहा गया था। साथ ही यह भी कि प्रत्यक्ष व परोक्ष भेदभावपूर्ण व्यवहार से कैदियों में कटुता पैदा होगी। शीर्ष अदालत ने इस भेदभाव को औपनिवेशिक शासन की विरासत बताते हुए तुरंत खत्म करने को कहा क्योंकि हर कैदी भी गरिमा से जीवन जीने का अधिकार रखता है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी का रुख देखकर सतीजी ने जान लिया कि स्वामी ने मेरा त्याग कर दिया और वे हृदय में व्याकुल हो उठीं। अपना पाप समझकर कुछ कहते नहीं बनता, परन्तु हृदय ( भीतर ही भीतर ) कुम्हार के आँवे के समान अत्यन्त जलने लगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सतिहि ससोच जानि बृषकेतू। कहीं कथा सुंदर सुख हेतू॥**
**बरनत पंथ बिबिध इतिहासा। बिस्वनाथ पहुँचे कैलासा॥**

वृषकेतु शिवजी ने सती को चिन्तायुक्त जानकर उन्हें सुख देने के लिए सुंदर कथाएँ कहीं। इस प्रकार मार्ग में विविध प्रकार के इतिहासों को कहते हुए विश्वनाथ कैलास जा पहुँचे॥

**तहँ पुनि संभु समुझि पन आपन। बैठे बट तर करि कमलासन॥**
**संकर सहज सरूपु सम्हारा। लागि समाधि अखंड अपारा॥**

वहाँ फिर शिवजी अपनी प्रतिज्ञा को याद करके बड़ के पेड़ के नीचे पद्मासन लगाकर बैठ गए। शिवजी ने अपना स्वाभाविक रूप संभाला। उनकी अखण्ड और अपार समाधि लग गई॥

**दो0-सती बसहिं कैलास तब अधिक सोचु मन माहिं।**
**मरमु न कोऊ जान कछु जुग सम दिवस सिराहिं॥**

तब सतीजी कैलास पर रहने लगीं। उनके मन में बड़ा दु:ख था। इस रहस्य को कोई कुछ भी नहीं जानता था। उनका एक-एक दिन युग के समान बीत रहा था॥

( क्रमश:.. )

# जातिवाद की जहरीली होती राजनीति

लोकसभा चुनावों में पार्टी के सांसदों की संख्या बढ़कर 37 हो जाने से समाजवादी पार्टी विशेष उत्साह में है और जहाँ जहाँ भी उसके सांसद जीते हैं वहाँ वहाँ पार्टी के कार्यकर्ता न केवल अराजकता का वातावरण बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं वरन जातिवादी जहर घोलने का प्रयास भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार अपराध और अपराध जगत पर जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है जिसमें कुख्यात माफियाओं व अपराधियो के एनकाउंटर हो रहे हैं तथा बुलडोज़र भी चलाये जा रहे हैं, कई जगह अपराधी स्वयं ही आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं या फिर अपना काम धंधा बदल रहे हैं।

प्रदेश का जन सामान्य योगी सरकार की बुलडोज़र नीति से प्रसन्न है जबकि विपक्ष लगातार यही आरोप लगा रहा था कि बुलडोज़र से लोगों को डराया जा रहा है या अल्पसंख्यको को सताया जा रहा है आदि-आदि। जब सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर पर अंतरिम रोक लगाई तो पूरा विपक्ष खुशियाँ मनाने लगा जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माण को अपने आदेश से अलग रखा था। योगी राज्य में बुलडोज़र केवल अतिक्रमण पर ही चलता है अत: प्रशासन को अपना काम करने में कोई समस्या नहीं आई।

आश्चर्यजनक रूप से समाजवादी नेता अपनी जातिवाद की राजनीति को और पैना करने के लिए अपराधियों के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। वहीं विगत दिनों हुई कुछ आपराधिक घटनाओं में शामिल लोग समाजवादी पार्टी से सम्बंधित रहे हैं संभवत: यही कारण है कि समाजवादी नेता अखिलेश यादव सहित अन्य सभी जातिवादी नेता जातिवाद के जहर को और तीखा कर रहे हैं। अयोध्या से लेकर कनौज तक दुष्कर्म की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं उसमें सपा कनेक्शन मिला, प्रयागराज में अवैध मदरसे में चल रहा जाली नोट का व्यापार व फिर कौशाम्बी में जाली नोट खपाने वाले सपा के दो नेता अपने दस सहयोगियों के साथ पकड़े गए स्वाभाविक रूप से आपराधिक घटनाओं में लिप्त पार्टी को बैकफुट पर जाने से बचाने के लिए ही अपराध की वीभत्सता तथा गम्भिरता की जगह अपराधी की जाति बीच में लाई जा रही है।

अगस्त माह के अंत में सुल्तानपुर में डकैती डालने आये गिरोह के सदस्यों का एनकाउंटर हुआ जिसमें से एक मंगेश यादव के नाम पर समाजवादी नेता यादव समाज की सहानुभूति बटोरने के लिए



**योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षों में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है।**

उसके घर पहुंच गये और उसका महिमा मंडन करते हुए कहा कि यह एनकाउंटर नहीं एक हत्या है और अब सपा इस मामले को आगामी विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से उठाने जा रही है। समाजवादी नेता आजकल जातिगत आधार पर ही अपराध और अपराधियों का संरक्षण व महिमामंडन कर रहे हैं।

प्रदेश की राजनीति में आज सभी दल अपराधी की जाति देखकर उस पर होने वाली कार्यवाही का तीखा विरोध कर रहे हैं जबकि प्रदेश में 2012 से 2017 तक सपा सरकार के शासन काल में पुलिस मुठभेड़ में 34 अपराधी मारे गये थे तथापि उनके शासनकाल में अपराध और अपराधियों का जोरदार बोलबाला था। एक समय था कि कोई सपने में भी नहीं सोच पाता था कि प्रदेश को कभी अतीक जैसे माफियाओं से मुक्ति मिलेगी या फिर बड़े सफेदपोश लोग जेल जाएंगे।

पिछली सरकारों के कई एनकाउंटर में तो मजिस्ट्रेट जांच तक नहीं ती थी। जबकि योगी सरकार में सभी एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच हो रही है यहां तक कि कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी की जेल में हुई स्वाभाविक मौत की भी जांच हुई।

योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षों में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है। साथ ही 3,970 संगठित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रदेश सरकार अवैध नशे के खिलाफ भी व्यापक अभियान चला रही हे जिसमें अभियुक्तों से सर्वाधिक गांजा बरामद हुआ है व अन्य नशीले पदार्थ भी बरामद हो रहे हैं ।

समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने एसटीएफ को भी नहीं छोड़ा ओर उसमें शामिल अधिकारियों की जाति को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उकेर दिया ओर बताया कि कौन सा अधिकारी किस जाति का है। जब जातिवाद की राजनीति बहुत उग्र होने लग गई तब आंकड़ों को देखने से स्पष्ट हुआ कि विगत 7 साल में 207अपराधी एनकाउटर में मारे गये जिसमें- 67 मुसिलम, 20 ब्राहमण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर 16 यादव, 14 दलित, तीन ट्राइबल, दो सिक्ख, 8 ओबीसी और 42 दूसरी जातियों के थे।

जिस प्रकार से अपराधियों के पक्ष में जाति की राजनीति हो रही है वह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। यह कहना पूरी तरह से गलत है कि यूपी की पुलिस जाति देखकर एनकाउंटर कर रही हैं या फिर अपराधियों को पकड़ रही है। प्रदेश सरकार अपराधियों का जाति और मजहब नहीं देखती। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा हर कोई कर रहा है बड़े बड़े उद्योगपति व निवेशक प्रदेश आ रहे हैं और यही बात विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रही है ।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग

दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है।

समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा। यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए।

ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इज़राइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी।

इसलिए पुन: यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है। सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है। आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है। सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी-ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस-चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो। मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं।

यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने-झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान-इराक युद्ध याद होगा। ईरान-अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)-अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है। अमेरिका और सीरिया के बीच जो कुछ हुआ, या हो रहा है, वह सभी जानते हैं। जानकारों के मुताबिक, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक या मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी रणनीति यदि विफल हो रही है, तो उसके पीछे रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे बड़े मुल्क इस्लामिक आतंकवाद व कट्टरता की चपेट में हैं, तो इसके पीछे भी रूसी-चीनी अंतर्राष्ट्रीय शह ही है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी रणनीति बदली है और खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाया है, इसलिए वह अब अंतर्राष्ट्रीय सत्ता संतुलन का केंद्र बन चुका है। भारत भी अब हथियारों के सौदागरों की टीम में शामिल होने को बेताब है।अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चीनी चाल के दृष्टिगत ही भारत सरकार सोच-समझकर कोई कदम उठाती है। इसलिए अब दुनिया की धड़कन इस बात को सोचकर बढ़ रही है कि यदि तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हुआ तो भारत किधर होगा? क्या वह तीसरी दुनिया के देशों के साथ तटस्थ रहेगा, या फिर रूस से अपनी पुरानी यारी और अमेरिका से अपनी नई यारी निभाएगा! यही नहीं, जब दुनिया में महंगाई बम फूटेगा, तो उस स्थिति को भारत कैसे संभालेगा। वैसे तो ईरान और इजरायल दोनों भारत के करीब हैं, लेकिन इजरायल और भारत का उद्देश्य एक है- आतंकवाद का समूल सफाया। शायद यह होने का असली वक्त भी अब आ रहा है। भारत की रणनीति साफ होनी चाहिए कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद को खत्म किया जाए। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान आदि द्वारा प्रोत्साहित आतंकवाद जितनी जल्दी कुचला जाएगा, दुनिया उतनी जल्दी ही चैन की सांस ले सकेगी। इधर ईरान-इजरायल के बीच जंग के आसार के चलते कच्चे तेल में भी तेजी देखने को मिल रही है। इससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने के आसार प्रबल हैं। इस हमले के बाद से कच्चे तेल के दामों में 4 फीसदी की तेजी आ गई है। ऐसे में दुनियाभर में महंगाई फिर से बढ़ने के आसार प्रबल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मिसाइल हमले से जुड़ी बातों के बीच गत 1 अक्टूबर मंगलवार को ही क्रूड ऑयल का भाव बढ़ गया। ब्रेंट वायदा 3.5त्न बढ़कर 74.2 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 2.54 डॉलर या 3.7त्न बढ़कर 70.7 डॉलर हो गया। कहना न होगा कि दुनियाभर में कच्चे तेल में होने वाले उतार-चढ़ाव से वैश्विक अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर प्रभावित होती है। जबकि युद्ध से ग्लोबल सप्लाई चैन भी टूट जाती है। ऐसे में आयात और निर्यात की गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं, जिससे महंगाई बढ़ने लगती है। पिछले साल रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भी ऐसा ही हुआ था, जब रूस के यूक्रेन पर अटैक के बाद ग्लोबल सप्लाई चैन बुरी तरह से प्रभावित हुई थी। वहीं, कच्चे तेल के दामों में भी जबरदस्त तेजी आई थी। वहीं, इस जियोपॉलिटिकल टेंशन का असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। निफ्टी और डाओ फ्यूचर्स समेत कुछ देशों के मार्केट लाल निशान के साथ कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में यदि यह जंग और बढ़ी तो कच्चे तेल में बढ़ोतरी से कई चीजें महंगी हो सकती हैं, जबकि शेयर बाजार में ऑयल स्पेसिफिक स्टॉक पर तगड़ा असर देखने को मिल सकता है। कच्चे तेल में तेजी से ऑयल एक्सप्लोरेशन कंपनी जैसे- ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में तेजी आने की संभावना है। वहीं, पेंट और टायर शेयरों में गिरावट देखने को मिल सकती है। क्योंकि, इन कंपनियों की निर्भरता क्रूड पर होती है। ऐसे में क्रूड महंगा हुआ तो इन कंपनियों की इनपुट कॉस्ट बढ़ सकती है। उधर, युद्ध और जियो पॉलिटिकल टेंशन के बढ़ने से सोने के भाव में तेजी देखने को मिलती है। ऐसे में ईरान के इजरायल पर हमले के बाद गोल्ड में खरीदारी देखने को मिल सकती है। दरअसल, युद्ध जैसे हालात में गोल्ड में निवेश को सुरक्षित माना जाता है।

इतना सब कुछ होने के बाद भी ईरान ने इजरायल पर हमला कर बड़ा पलटवार किया है, जिससे मिडिल ईस्ट में जंग की तपिश और बढ़ती ही जा रही है। दावे के मुताबिक, ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइल दागकर हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत का बदला लिया है। उसने रॉकेट-मिसाइल से इजरायल के आसमान को धुआं-धुआं कर दिया। वहीं, इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने ईरान को अब अंजाम भुगतने की धमकी दी है।

**- कमलेश पांडेय**

# राशिफल

आश्विन शुक्ल पक्ष : तृतीया

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन आनंदित रहेगा। प्रेम में लिप्त रहेंगे। संबंधों में लिप्त रहेंगे। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु स्वयं नतमस्तक होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर-नीचे रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
नव प्रेम का आगमन होगा। बच्चों की स्थिति में सुधार। प्रेम में बहुत अपनापन। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
लग्जरीपूर्ण जीवन रहेगा। भूमि, भवन वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। मन प्रफुल्लित रहेगा। अच्छे भोजन का रसास्वादन करेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में आपका कद बढ़ेगा। समाज में आप सराहे जाएंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आभूषण, फैशन व जेवर इत्यादि में खर्चे होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति दूर-दूर तक पहुंचेंगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

# किसान सभा का महापडांव



**नोएडा (चेतना मंच)।** किसान सभा के जिला कार्यालय जैतपुर पर हुई बैठक में 14 अक्टूबर के आंदोलन की तैयारी के लिए गांव गांव किसान चेतना यात्रा निकालने का हुआ फैसला-कलेक्ट्रेट पर 14 अक्टूबर को नोएडा, ग्रेटर नोएडा के किसानों के हाई पावर कमेटी की सिफारिश को जाहिर करने सार्वजनिक करने की मांग एवं 10 प्रतिशत के प्लाट, नए कानून को लागू करने, आबादियों एवं अनय मुद्दों पर आंदोलन को व्यापक बनाने के मकसद से जिला कार्यालय पर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने की बैठक का संचालन महासचिव जगबीर नंबरदार ने किया। बैठक में जन चेतना यात्रा निकालने का फैसला लिया गया जिसकी शुरुआत कल हैबतपुर, ईटेडा, छोटी मिलक, रोजा, पतवारी गांव से की जाएगी। हर रोज पांच गांव में जन चेतना यात्रा निकाली जाएगी इसके लिए रात्रि प्रवास करते हुए व्यापक जन जागरण किया जाएगा।

जन चेतना यात्रा के संयोजक शिशांत भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन का तीसरा चरण है दूसरे चरण में सरकार किसानों के दबाव में हाई पावर कमेटी के गठन के लिए मजबूर हुई थी कमेटी 31 अगस्त को अपनी सिफारिश से मुख्यमंत्री को दे चुकी है परंतु सरकार जानबूझकर सिफारिशों को सार्वजनिक नहीं कर रही है, आंदोलन के प्रथम चरण में 16 सितंबर 2023 को हुए समझौते के अनुसार प्राधिकरण 10 प्रतिशत के प्लाट का प्रस्ताव शासन के अनुमोदन के लिए संदर्भित कर चुका है अब कमेटी की सिफारिश भी आ चुकी है। परंतु किसान सभा एवं किसानों को कमेटी की सिफारिशें की जानकारी जानबूझकर नहीं दी गई है इसलिए किसान सभा किसान परिषद जय जवान जय किसान संगठन एवं किसान संघर्ष समिति ऐछर ने 14 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर दिन रात के महापड़ाव का ऐलान किया है।

इस मौके पर किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि किसान सभा एवं किसानों का आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चला है रिपोर्ट के हाथ में आते ही 10 प्रतिशत प्लाट की रणनीति कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव के दौरान बनाकर आवश्यकता अनुसार प्राधिकरण को बंद करने दिल्ली कुकूच करने के साथ जारी रहेगा। कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव डालने का मकसद 10 प्रतिशत प्लाट के मुद्दे पर पूरे जिले के किसानों की एकजुटति और उनकी ताकत को जाहिर करने के अलावा कमेटी की सिफारिशों का अवलोकन और मूल्यांकन करने का है सरकार जानबूझकर कमेटी की सिफारिशों को किसानों से छिपा रही है। कमेटी की सिफारिश को जाने बिना आगे के आंदोलन की पुख्ता रणनीति बनाया जाना संभव नहीं है।

## सीटू का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन आज

**नोएडा (चेतना मंच)।** न्यूनतम वेतन एवं पेंशन की मांग को लेकर आज सीटू कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर प्रदर्शन करेंगे।

उक्त प्रदर्शन की तैयारी के लिए सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर द्वारा पिछले कई दिनों से व्यापक अभियान चला रखा है, जिसके तहत आज भी कई जगह नुक्कड़ सभा, नुक्कड़ नाटक, पर्चा वितरण व जनसंपर्क कर जनपद के मेहनतकश मज़दूरों/कामगारों से प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने बताया कि प्रदर्शन में सीटू के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद कामरेड तपन सेन सहित सीटू के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे और प्रदर्शन को संबोधित करेंगे।




## उधारी लौटाने के बहाने बुलाया, चाकू से कर दिया लहुलुहान

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 142 क्षेत्र में उधार दिए गए पैसे वापस करने के बहाने दो युवकों ने एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। पीड़ित को मरणासन्न कर आरोपी मौके से फरार हो गए। बरौला गांव निवासी चंदन कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी पत्नी के कहने पर अपने परिचित शिव को 5 हजार रुपए उधार दिए थे। 26 सितंबर की रात्रि को उसकी पत्नी ने बताया कि उसके पास शिवा का फोन आया है। शिवा रुपए लौटाने के लिए उसे बुला रहा है। इसके बाद वह अपनी पत्नी द्वारा बताए गए स्थान पर शिवा से पैसे लेने के लिए पहुंचा। बताए गए स्थान पर पहुंच कर उसने शिवा को कॉल किया। थोड़ी देर में शिवा उसके पास आ गया। शिवा ने बताया कि वह अपना पर्स घर भूल आया है। चंदन कुमार के मुताबिक शिवा पैसे देने के बहाने उसे अपने कमरे पर ले जाने लगा। कुछ दूर जाने पर शिवा का जानकार अरमान मिल गया और उसने अचानक चाकू से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान शिवा ने भी उस पर कई वार किये और उसे गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए। होश आने पर उसे पता चला कि वह दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## जलवायु विहार से साइकिल चोरी करने वाला दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक साइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की तीन साइकिल बरामद हुई है। पुलिस पकड़े गए चोर के दूसरे साथी की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर 21 में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति साइकिल चोरी का प्रयास कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने साइकिल चोरी का प्रयास कर रहे युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जहांगीर पुत्र गफ्फार निवासी जेजे कॉलोनी सेक्टर 9 बताते हुए स्वीकार किया कि वह साइकिल चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था।

पूछताछ में जहांगीर ने बताया कि वह अपने दोस्त हर्ष के साथ मिलकर साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देता है। उसने करीब 5 दिन पहले जलवायु विहार से एक रेंजर साइकिल चोरी की थी। चोरी करने के बाद उसने इस साइकिल को सेक्टर की ही पार्किंग में खड़ा कर दिया था। पकड़े गए जहांगीर की निशान देही पर चोरी की 3 साइकिल बरामद हुई। जहांगीर ने बताया कि चोरी की साइकिलों को वह कबाड़ में बेचकर अपना खर्चा चलाते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पास से बरामद तीनों साइकिल जलवायु विहार से ही चोरी की गई थी। पीड़ितों ने साइकिल चोरी होने की शिकायत पुलिस से भी की थी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## कार बेचने के नाम पर हड़पे 2 लाख रुपये

ग्रेटर नोएडा(चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-3 में एक व्यक्ति ने कार की कीमत अदा करने के बावजूद भी कार ना देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि कार अथवा पैसे मांगने पर उक्त व्यक्ति उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

कुलेसरा गांव में रहने वाले आशुतोष शुक्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसे अपने बिजनेस के लिए एक कार की आवश्यकता थी। उसकी मुलाकात विकास पटेल से हुई। विकास पटेल ने बताया कि उसके जानने वाला रविंद्र सिंह अपनी पुरानी कमर्शियल वेगनर कार को बेचना चाहता है। विकास पटेल ने उसकी मुलाकात रविंद्र सिंह से करवाई। दोनों के बीच उक्त कार को खरीदने का सौदा 2 लाख 65000 में तय हो गया। आशुतोष शुक्ला के मुताबिक उसने 9000000 ऑनलाइन रविंद्र सिंह के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद उसने ?60000 भी अदा कर दिए। 31मई को रविंद्र सिंह ने 12000 और नगद लेकर उसे गाड़ी दे दी। गाड़ी देने के एक सप्ताह बाद रविंद्र सिंह ने फोन कर कहा कि कार का इंश्योरेंस कराना है। इस बहाने से वह उससे कार ले गया। 2 दिन बाद जब उसने अपनी कार वापस मांगी तो उसने कार वापस देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बावजूद भी रविंद्र सिंह उसकी कार को वापस नहीं कर रहा है उसने कई बार कार वापस मांगी लेकिन उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक उसने पुलिस में भी शिकायत की लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## घर से मोबाइल, नगदी व कार्ड चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के होशियारपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से दो मोबाइल फोन, नगदी व एटीएम कार्ड चोरी हो गए। चोरों ने पीड़ित के मोबाइल फोन के पेटीएम व एटीएम कार्ड की मदद से भी पैसे निकाल लिए।

होशियापुर गांव में रहने वाले रणवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 28 सितंबर की रात्रि को उसके कमरे से चोरों ने एक बैग चोरी कर लिया। बैग में उसके दो मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व पैसे रखे हुए थे। चोरी गए नंबरों को ब्लॉक करा कर उसने नई सिम ली तो पता चला कि चोरों ने उसके पेटीएम व एटीएम कार्ड से भी पैसे निकाले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## सैनी सभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : पवन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर पवन कुमार सैनी ने कहा है कि सभा के सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने का काम करें उन्होंने सैनी सभा की एक बैठक करते हुए कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ताओं से सैनी सभा की नीतियों को जन-जनतक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्र एवं दशहरा पार्वती उन्होंने बधाई दी है।

## दो मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर लगे मोबाइल टावर से आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी कर लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसजी एनकौन कंपनी के क्यूआरटी हेड सुशांत त्यागी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी मोबाइल टावरों की देखरेख का काम करती है। 23 जुलाई को एमनाबाद गांव में लगे टावर से चोरों ने आर आर यू, जम्फर केबल व अन्य सामान चोरी कर लिया। टावर से सिग्नल कम आने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। थाना बिसरख प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना फेस 3 क्षेत्र के ग्राम मामूरा में भी चोरों ने एक टावर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर यहां से टावर पर लगे कीमती सामान को चोरी कर ले गए। इस संबंध में सुशांत त्यागी ने मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि शहर में लगे मोबाइल टावरों पर चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पूर्व में पुलिस मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले कई गिरोह के सदस्यों को पकड़ चुकी है। इसके बावजूद भी चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गुरूग्राम और पंचकुला...**

करीब 10 बजे विवाद हो गया। नियमों को ताक पर रखकर लगे भाजपा, इनेलो व एक आजाद प्रत्याशी के टेंटों की शिकायत कांग्रेस प्रत्याशी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट को की थी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरे दो सौ मीटर की निशानदेही कर तीन टेंट को पीछे करवाया जो सीमा के अंदर लगे हुए थे। इस बीच शिकायतकर्ता व दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ताओं काफी बहस भी हुई थी। मौके पर अंबाला कैंट थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह टेंट चुनाव से एक दिन पहले ही लग गए थे। उस समय दूरी का अंदाजा नहीं था। अगर इन्हें हटाना था तो पहले ही हटा दिया जाता। अब मतदान के दौरान इन्हें हटाने में काफी समय लग जाएगी। इसलिए इन्हें न हटाया जाए। आखिर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने सभी टेंट को दो सौ मीटर के दायरे से बाहर किया। करीब आधा घंटे तक चले विवाद के बाद मामला शांत हुआ। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी परविंद्र सिंह परी का कहना था कि वह सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थे। इस संबंध में अंबाला कैंट थाना प्रभारी व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को शिकायत की थी कि नियमानुसार जो कार्रवाई बनती है वो की जाए।

सोनीपत में छह विधानसभा सीटों पर चुनावी प्रक्रिया जारी है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता मतदान करने के लिए पहुंच रहे हैं। गांव भैंसवाल कलां में बूथ संख्या 200 पर पहुंचकर पहलवान व भाजपा नेता योगेश्वर दत्त ने मतदान किया। गोहाना में कन्या विद्यालय में बूथ संख्या 54 पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने परिवार के साथ मतदान किया। इसी केंद्र पर गोहाना हलका के कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर मालिक ने भी मतदान किया। गोहाना के भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा की पत्नी रीता ने गांव गढ़ी उजाले खां के बूथ संख्या 6 का दौरा किया। गांव गढ़ी उजाले खां के बूथ संख्या 6, 7, 8 व 9 पर नए मतदाताओं को वोटर कार्ड भी वितरित किए गए।

सोनीपत गांव समस्तपुर गामड़ा में बूथ संख्या 72 पर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, उनके भाई पूर्व सांसद रमेश कौशिक मतदान कर चुके हैं। गांव रायपुर में बूथ संख्या 221 पर आप प्रत्याशी देवेंद्र गौतम ने वोट डाला। सोनीपत के गनौर हलके में निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कादियान ने परिवार सहित अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। गोहाना के बरोदा में 90 से ज्यादा उम्र के वयोवृद्ध मेहरचंद बूथ संख्या 48 पर मतदान करने पहुंचे हैं। गांव बादशाहपुर माच्छरी के बूथ संख्या 160 पर सिमरन ने पहली बार मतदान किया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर महिलाएं घूंघट की ओट में परिजनों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंची।

जींद के अकालगढ़ गांव के बूथ नंबर एक पर कुछ लोगों ने बूथ कैप्चरिंग का प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी भी मौके पर पहुंचे। कैप्टन योगेश बैरागी का कुछ लोगों ने विरोध किया और उनके साथ धक्का-मुक्की भी की। सूचना मिलने के बाद जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में बूथ कैप्चरिंग जैसी फिलहाल कोई घटना सामने नहीं आई है, लेकिन कैप्टन योगेश बैरागी का कुछ लोगों ने विरोध करते हुए उनके साथ धक्का-मुक्की जरूर की है।

कुरुक्षेत्र के मोहन नगर स्थित गीता विद्या मंदिर में बने मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए सांसद नवीन जिंदल घोड़े पर सवार होकर पहुंचे। इस पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और कहा कि नियमों का उल्लंघन कर प्रचार किया जा रहा है। विरोध के बाद नवीन जिंदल घोड़े से उतर गए।

**कंपनी का अधिकारी...**

मैसेज करने वाले जालसाज ने मैसेज में बताया कि वह एक मीटिंग में व्यस्त है और उसे ग्राहकों के लिए एप्पल के कुछ गिफ्ट कार्ड की आवश्यकता है। फर्जी कंपनी अधिकारी ने उसे मैसेज पर 5 हजार रुपए के 15 गिफ्ट कार्ड खरीद कर भेजने को कहा। विश्वास में आकर उसने अपने बैंक अकाउंट से 15 गिफ्ट कार्ड खरीद कर उक्त नंबर पर भेज दिए। इसके बाद एक बार फिर उससे और गिफ्ट कार्ड भेजने का मैसेज आया। मीनाक्षी के मुताबिक इस तरह से जालसाज ने उससे करीब डेढ़ लाख रुपए के गिफ्ट कार्ड खरीदवा लिये। इसके बाद भी वह और गिफ्ट कार्ड भेजने के लिए मैसेज करता रहा। संदेह होने पर होने पर उसने कंपनी के उच्च अधिकारी को कंपनी की टीम आईडी पर मैसेज भेजा। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस तरह का कोई भी गिफ्ट कार्ड नहीं मंगवाया है। साइबर ठगी का एहसास होने पर उसने इसकी सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर पर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**नोएडा के सेक्टर-122...**

सरफ़बाद एवं 122के बीच के रोड का काम, पीके ब्लॉक सेक्टर 122 , सेक्टर-122 के कम्युनिटी सेंटर के टॉयलेट का नवनिर्माण, कम्युनिटी सेंटर के हॉल में सुविधाओं की माँग रखी, वरिष्ठ नागरिक/आगतुक के लिये टॉयलेट का प्रबंध किया जाये।

सफ़ाईगिरी अभियान में फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग खंड 2 के बरिष्ठ प्रबंधक विश्वास त्यागी,वर्क सर्किल 6 के बरिष्ठ प्रबंधक के वी सिंह, जल बिभाग से पवन बरनवाल ,अनिल वर्मा, विधुत विभाग से राजीव यादव , सेक्टर 122 आरडब्लूए अध्यक्ष डॉ उमेश शर्मा, देवेंद्र कुमार, ब्रह्मदत्त शर्मा, सपना वर्मा, स्वाति अग्रवाल , संदीप शर्मा ,सेवक राम ,नरेश बंसल ,भूषण शर्मा शामिल रहे।

**27वीं मंजिल से...**

वक्त किसी तरह फिसलकर अचानक ऊपर से नीचे 12वीं मंजिल जा गिरी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह घटना घटी उस समय बच्ची की मां खाना बना रही थी। जिसकी वजह से बच्ची पर ध्यान नही जा पाया।

गनीमत रही कि मासूम बच्ची 12वीं मंजिल की बालकनी में जा फंसी। अगर बच्ची जमीन पर आकर गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना की एक वीडियो भी सोशल मीडिया कर जाते हुए दिखाई देते नजर आ रहे है।

पिता गौरव ने बताया कि बच्ची को गंभीर चोटें आई है, सर्वोदय हॉस्पिटल में बेटी का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया है कि उसकी हालत स्थिर है।

**सोसयटी में स्ट्रीट...**

स्ट्रीट डॉग्स ने उनके बेटे को कई जगह काटकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में रहने वाले साहिल शर्मा ने स्ट्रीट डॉग को पाल रखा है। पूर्व में भी सोसायटी के लोगों ने कई बार उसे स्ट्रीट डॉग को सोसाइटी में लाने से मना किया लेकिन उसने इस बात को अनसुना कर दिया। बच्चे पर स्ट्रीट डॉग के हमले से अन्य लोगों में भी रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरेंद्र पांडे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**करंट की चपेट...**

खस्ताहाल है और करंट की समस्या बनी हुई है। जिससे न सिर्फ जानवर बल्कि इंसानों की जान भी खतरे में है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**रंगदारी न देने पर...**

एक राय होकर उस पर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे व बेसबॉल आदि से हमला कर दिया। इस हमले में उसे गंभीर चोटे आई। मारपीट करने के बाद आरोपियों ने उससे एक लाख रुपए रंगदारी देने की मांग की। झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक झगड़े के दौरान उसके गले से सोने की चेन भी कहीं गिर गई। पीड़ित का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं और लोगों से रंगदारी मांगने का काम करते हैं। प्रीतम सिंह ने आरोपियों से अपनी तथा अपने परिजनों के जान के खतरे की भी आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**नोएडा मेट्रो में यात्रियों...**

संचालन व आय में लगातार सुधार करके राइडरशिप में अभूतपूर्व बढ़त हासिल की है। सितंबर माह में प्रतिदिन औसतन राइडरशिप 64068 यात्रियों की दर्ज की गई है। यह संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले 13 प्रतिशत ज्यादा है।

एनएमआरसी की डीजीएम व प्रवक्ता निशा वाधवा ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल में नोएडा मेट्रो में 48588 यात्री प्रतिदिन की राइडरशिप थी। जो मई में बढ़कर 52351, जून में 49808, जुलाई में 51059 तथा अगस्त में बढ़कर 55777 हो गई। जबकि पिछले वर्ष औसतन राइडरशिप 47427 थी जो इस वर्ष बढ़कर 64068 यात्री प्रतिदिन हो गई है।

एनएमआरसी की प्रवक्ता निशा वाधवा ने बताया कि एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. लोकेश एम ने एनएमआरसी के अधिकारियों के साथ एक बैठक करके इस प्रगति की सराहना की। मालूम हो कि एनएमआरसी पिछले वर्षों से अब तक 11 नये अनुबंध प्राप्त कर चुकी है। जिससे सालाना 6.05 करोड रुपए का राजस्व अर्जित होगा। इसके अलावा एनएमआरसी ने कई निवेदाऐ भी जारी की है। जिसे अवसतन 5.15 करोड रुपए का वार्षिक राजस्व एनएमआरसी को प्राप्त होगा।

## सोम बाजार में मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 45 के सोम बाजार में सब्जी लेने गए एक व्यक्ति का चोरों ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सदरपुर के सोम बाजार वाली गली में रहने वाले शुभम सिंह ने बताया कि वह गोजोको टेक्नोलॉजी कंपनी में कार्यरत है। 30 सितंबर को वह पड़ोस में लगने वाले सोम बाजार में सब्जी खरीदने गया था। इस दौरान सब्जी खरीदते समय किसी व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी मिलने पर उसने तुरंत अपने दोनों सिम बंद करवाए। पीड़ित के मुताबिक उसने जब मोबाइल की फाइंड माय डिवाइस एप्लीकेशन के जरिए अपने फोन की लोकेशन सर्च की तो वह सेक्टर 53 नोएडा की मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## ताला तोडकर कमरे में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के छलेरा गांव में चोरों ने एक कमरे का ताला तोड़कर तीन लैपटॉप, मोबाइल चार्जर व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अभिषेक राम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताएं कि वह अपनी रूम पार्टनर के साथ छलेरा गांव में किराए पर रह रहा है। 30 सितंबर की सुबह वह अपने कमरे का ताला बंद कर अपने ऑफिस चले गए। शाम के समय जब वह कमरे पर लौटे तो उनका ताला टूटा हुआ था। कमरे के भीतर जाने पर पता चला कि चोर दो लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल चार्जर जूते व बैग को चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### महिंद्रा ने छोटे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में किया प्रवेश

**मुंबई।** घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने छोटे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन खंड में उतरने की घोषणा की। कंपनी ने दो टन से कम वजन वाले खंड में इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहन जियो को पेश किया है। इसकी कीमत 7.52 लाख रुपये से शुरू होती है। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की एक अधिकारी ने कहा कि इस खंड में डीजल की तुलना में इलेक्ट्रिक उत्पाद सात वर्ष की अवधि में ग्राहकों के लिए बढ़िया मूल्य देता है। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी का एक प्रतिशत ही अभी इलेक्ट्रिक है जबकि तिपहिया श्रेणी में यह अनुपात लगभग 20 प्रतिशत है। हमारी आकांक्षा इस अनुपात को बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में कंपनी की जीतो के साथ पहले से ही 14-15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

### मार्क जकरबर्ग ने जेफ बेजोस को संपत्ति मामले में पीछे छोड़ा

**वाशिंगटन।** मार्क जकरबर्ग ने संपत्ति के मामले में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया है। ऐसा मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुआ। मेटावर्स और एआई पर जकरबर्ग के जिस दांव को शुरू में एक बहुत बड़ी विफलता की तरह देखा जा रहा था, हाल के महीनों में सफल साबित हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार गुरुवार को जकरबर्ग की कुल संपत्ति 206.2 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि से वे संपत्ति के मामले में अमेजन के बेजोस से 1.1 बिलियन आगे निकल गए। अब इस मामले में उनसे आगे केवल टेस्ला के एलन मस्क है। जिनकी संपत्ति जकरबर्ग से लगभग 50 बिलियन डॉलर अधिक है।मेटा के शेयरों में दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर बिक्री के आंकड़े और एआई चैटबॉट को शक्ति देने वाले बड़े भाषा मॉडल की दिशा में कदम बढ़ाने के बाद 23 फीसदी की वृद्धि आई। कंपनी के शेयर गुरुवार को 582.77 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

### डिफ्यूजन इंजीनियर्स का शेयर 15 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 168 रुपये से 15 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 11.90 प्रतिशत चढ़कर 188 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 17.47 प्रतिशत बढ़कर 197.35 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में शुरूआती कारोबार में यह 15.17 प्रतिशत बढ़कर 193.50 रुपये पर रहा। बाद में 20.93 प्रतिशत चढ़कर 203.17 रुपये पर पहुंच गया।कंपनी का बाजार मूल्यांकन 738.61 करोड़ रुपये रहा।डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के अंतिम दिन गत सोमवार को 114.50 गुना अभिदान मिला था।

### भारत में एप्पल चार और स्टोर खोलेगी

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भारत में चार और स्टोर खोलने पर विचार कर रही है जो पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित होंगे। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि कंपनी जल्द अपने पहले मेड इन इंडिया आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स भी पेश करेगी। एप्पल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने दलों का निर्माण कर खुश हैं क्योंकि हम भारत में और अधिक स्टोर खोलने की योजना बना रहे हैं। हम इस देश में अपने ग्राहकों के जुनून से प्रेरित हैं।

### मॉर्गन स्टेनले व सिटी ग्रुप ने एचडीएफसी बैंक से खरीदे शेयर

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनले और सिटीग्रुप ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के 755 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे। ये शेयर खुले बाजार में सौदों के जरिए लिए गए। बीएसई पर उपलब्ध थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार, न्यूयॉर्क मुख्यालय वाली वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनले और सिटीग्रुप ने अपनी इकाइयों के जरिये एचडीएफसी बैंक के 43.75 लाख शेयर खरीदे। शेयर 1,726.29 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिए गए।

# भारतीयों का जीवन स्तर बदलेगा : सीतारमण

- एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है
- वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले
- एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है, बैंकों के पास अब कुशल ऋण वसूली तंत्र हैं
- भारत अगले पांच साल में अपने प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा
- दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में अपने प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को राजधानी के ताज पैलेस होटल में आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। सीतारमण ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र की सुदृढ़ता और लचीलापन, परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, खराब ऋणों के लिए बेहतर प्रावधान, निरंतर पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में वृद्धि पर निरंतर नीतिगत ध्यान द्वारा समर्थित है। उन्होंने कहा कि एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है, बैंकों के पास अब कुशल ऋण वसूली तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले, हमारी एक और मुख्य नीतिगत प्राथमिकता है। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सांसद एनके सिंह भी मौजूद रहे। वित्त मंत्रालय के साथ साझेदारी में आर्थिक विकास संस्थान द्वारा आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) का तीसरा संस्करण 4-6 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम करीब 6:30 बजे इस सम्मेलन शामिल होंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समापन भाषण देंगे, जबकि भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में करीब 150 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद् और नीति निमार्ता भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाले कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए हैं।

## पांच कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दी स्टॉक मार्केट में दस्तक

एजेंसी




**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार चढ़ाव बना रहा। इसी दौरान आज 5 कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए शेयर बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आज लिस्ट होने वाली 5 में से 4 कंपनियों ने शेयर लिस्टिंग के साथ ही अपने निवेशकों को मुनाफा दिलाने में सफल रहे, जबकि 1 कंपनी का शेयर लिस्टिंग के बाद गिरावट का शिकार हो गया। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स की डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनी सहस्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स सॉल्यूशंस के शेयर की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 283 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज इनकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 537.70 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये शेयर उछल कर 564.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों के पैसे पहले दिन ही लगभग डबल हो गए। कंपनी के आईपीओ को ओवरऑल 122.06 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन मिला था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 100.80 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 260.46 गुना और रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 74.85 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रीसाइक्लिड पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर और रीसाइक्लिड पैलेट्स बनाने वाली कंपनी दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज के शेयर ने भी आज आईपीओ निवेशकों को बढ़िया मुनाफा कराया।

### वैश्विक दबाव में लुढ़का घरेलू शेयर बाजार, लगातार 5वें दिन सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

# निवेशकों को 4.19 लाख करोड़ का नुकसान

एजेंसी




**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट के तनाव और विदेशी निवेशकों द्वारा की गई चौतरफा बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि दिन के पहले सत्र में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी लगातार गिरते चले गए। सेंसेक्स ने आज इंट्रा-डे में पहले 1,100 अंक से अधिक की तेजी दिखाई, वहीं बाद में ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 1,800 अंक से अधिक लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में पहले 300 अंक से अधिक उछला, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ऊपरी स्तर से 500 अंकों से अधिक टूट भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर के अलावा शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ऑटोमोबाइल, रियल्टी और एफएमसीजी सेक्टर में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एनर्जी, फार्मास्यूटिकल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई।

# एमेजॉन ने डिलीवरी क्षमताएं बढ़ाने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ किए एमओयू पर दस्तखत



**रांची।** एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमेजॉन इंडिया) ने आज देश में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए पोस्टल विभाग (इंडिया पोस्ट) के साथ एक मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। एमेजॉन के ग्राहक केंद्रित और टेक्नोलॉजिकल कौशल के साथ इंडिया पोस्ट के अंतिम छोर तक पहुँच रखने वाले डिलीवरी नेटवर्क और दशकों की विशेषज्ञता की मदद से यह गठबंधन ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। इस एमओयू के अंतर्गत ये दोनों अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में क्षमता को साझा करने, संसाधनों के ज्यादा प्रभावी उपयोग और एफिशियंसी बढ़ाने के लिए सुगम इंटीग्रेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान द्वारा अपने ऑपरेशंस में तालमेल बनाएंगे। इस गठबंधन द्वारा दोनों संगठनों का विकास होगा तथा एमेजॉन के ग्राहकों के लिए डिलीवरी के अनुभव में सुधार आएगा। खासकर दूरदराज और ग्रामीण हिस्सों के ग्राहकों को इस साझेदारी का विशेष लाभ मिलेगा। पिछले 2 से 3 सालों में एमेजॉन के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में इंडिया पोस्ट की पहुँच बढ़कर दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

# लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नवरात्र के दूसरे दिन यानी आज भी घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,710 रुपये से लेकर 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,250 रुपये से लेकर 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### टेक्नो का क्रेजीली रिलायबल स्पार्क 30सी स्मार्टफोन कुछ ही दिनों में होगा बाजार में

# स्पार्क 30सी 08 को रोमांचक टैगलाइन क्रेजीली रिलायबल के साथ लांच

एजेंसी




**पटना।** स्मार्टफोन की कम भरोसेमंद और निराशाजनक दुनिया में, टेक्नो स्पार्क 30सी पेश कर रहा है। गुणवत्ता और टिकाऊपन में सबसे भरोसेमंद साथी बिल्कुल नए स्पार्क 30सी को 8 अक्टूबर, 2024 को रोमांचक टैगलाइन 'क्रेजीली रिलायबल' के साथ लॉन्च किया जाएगा। स्पार्क 30सी को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह प्रसिद्ध ट्रांसफॉर्मर्स की तरह लंबे समय तक चले। यह ऐसी खूबियों के साथ आएगा, जिन्हें मॉडर्न यूजर्स अपने स्मार्टफोन में देखना चाहते हैं। टेक्नो स्पार्क 30सी को बेहद कम कीमत पर पेश कर रहा है, जिससे भारत द्वारा अपनाया जा रहा 5जी का सफर और भी अधिक आसान हो जाएगा। रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए इस फोन को उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है, जो अपने फोन की जल्दी बदलना पसंद नहीं करते हैं या फिर महँगे अपग्रेड्स नहीं खरीदते हैं। स्पार्क 30सी एक विश्वसनीय साथी है, जो बेजोड़ स्थायित्व और कार्यक्षमता दोनों प्रदान करता है। ट्रांसफॉर्मर्स फैंस को आकर्षित करने वाली शानदार डिजाइन के साथ, यह फोन एक बेहतरीन पैकेज में स्टाइल और भरोसे को बढ़ावा देगा। इसका 48 मेगा पिक्सेल का सोनी कैमरा फोटोग्राफी के शौकीनों को बेहद आकर्षित करेगा। इसका परफेक्ट कैमरा हर एक पल को बारीकी से कैप्चर करता है। 120 हर्ट्ज की प्रभावशाली रिफ्रेश रेट स्पार्क 30सी को भीड़ से अलग करेगी। यह एक ऐसी सुविधा है, जो इस कीमत पर मिल पाना लगभग नामुमकिन है।

### भवन निर्माण की लागत पर मिलेगा जीएसटी का इनपुट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक बड़ा फैसला दिया है। उस फैसले के अनुसार रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, वाणिज्य, लीजिंग जैसे व्यवसाय मालिकों को बहुत बड़ी राहत मिली है। सफारी रिट्रीट्स मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, जीएसटी कानून के तहत इसे प्लांट माना जा सकता है। व्यवसाय के द्वारा भवन निर्माण में की गई निर्माण सामग्री की खरीद पर इनपुट का दावा किया जा सकता है। कोई भी कंपनी माल, गोदाम, रियल एस्टेट, हॉस्पिटल तथा व्यवसाय गतिविधियों के लिए निर्माण कार्य करता है। तो जीएसटी के रूप में का गए कर पर उसे जीएसटी का इनपुट अब सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से मिल सकता है।

# किया ने EV9 और कार्निवल लेमोजिन के लांच के साथ पेश किया KIN 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मशहूर प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। किया 2.0 कंपनी के वाहनों में डिजाइन और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया है, जो भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नये बदलाव की शुरुआत करता है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में EV9 और कार्निवल लेमोजिन को लॉन्च किया है। इस तरह, कंपनी ने इंडस्ट्री में बदलाव लाने वाली अपनी सोच को और निखारा है। किया 2.0 में महत्वपूर्ण इनोवेशन किए गए हैं, जिसमें किया कनेक्ट 2.0 और एडवांस्ड व्हीकल टू एव्रीथिंग तकनीक शामिल है। किया कनेक्ट 2.0 का मतलब है कि किया का अपडेटेड कनेक्टेड कार प्लेटफॉर्म कई नए इनोवेशन के दरवाजे खोलता है। नया प्लेटफॉर्म न केवल मैप के लिए बल्कि वाहन डायग्नोस्टिक के लिए भी कंट्रोलर OTA (ओवर द एयर) अपडेट सुविधा देता है। किया कनेक्ट 2.0 के तहत दिया गया OTA, किया को 44 और 27 कंट्रोलर मॉड्यूल के साथ रिमोट पर लेकर नए लॉन्च किए गए एव9 और कार्निवल लेमोजिन में गड़बड़ी का पहचान और सॉफ्टवेयर अपडेट करने की सहूलियत देता है।

### जेफ बेजोस को पछाड़ कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बने मार्क जकरबर्ग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा (फेसबुक) के को-फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि अमेजन के अध्यक्ष और पूर्व सीईओ जेफ बेजोस को पछाड़ कर हासिल की है। ऐसा मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की ओर से शुक्रवार को जारी सूची के मुताबिक जुकरबर्ग की कुल संपत्ति 3 अक्टूबर को 206.2 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि के कारण जुकरबर्ग संपत्ति के मामले में जेफ बेजोस से 1.1 अरब डॉलर आगे निकल गए।

# ओला इलेक्ट्रिक की बॉस- बिगेस्ट ओला सीजन सेल शुरू




**रांची।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीजन सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+अपग्रेड, एक्सेसरीज पर एक्सक्लूसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं। कंपनी आज से अपने बॉस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बेनेफिट्स प्रदान करेगी। बॉस के दौरान मूल्यः ओला एस1 एक्स 2 किलोवॉट घंटा का मूल्य 49,999 रुपये से शुरू (सीमित स्टॉक के लिए) बॉस के दौरान डिस्काउंटः एस1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट - एस1एक्स 2 किलोवॉटघंटा पर 25,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट, एस1 पोर्टफोलियो पर 12,000 रुपये तक के डिस्काउंट। बॉसके दौरान वॉरंटीः 7,000 रुपये मूल्य की 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी निशुल्क। बॉसके दौरान फाईनेंस ऑफरः चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपये तक के फाईनेंस ऑफर। बॉसके दौरान फ्रीबीजः 6,000 रुपये मूल्य का मूवओएस+ अपग्रेड निशुल्क; 7,000 रुपये मूल्य के हाइपरचार्जिंग क्रेडिट निशुल्क। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं।

# लॉमेन ने अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए बिस्तुपुर में अपना पहला स्टोर खोला

- ब्रैंड ने झारखण्ड में 30 से ज्यादा एक्सक्लूसिव ब्रैंड आउटलेट्स खोलकर अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की योजना बनाई



**जमशेदपुर।** केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) के प्रतिष्ठित मेंस फैशन ब्रैंड लॉमेन ने आज झारखण्ड के जमशेदपुर में अपने पहले स्टोर का शुभारंभ किया। इसी के साथ, ब्रैंड ने झारखण्ड के बाजार में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की योजना की घोषणा की। लॉमेन की योजना झारखण्ड के प्रमुख बाजारों में और 40 नए स्टोर खोलने की है। लॉमेन ने जमशेदपुर के फैशनेबल पुरुषों की स्मार्ट, स्टाइलिश और आरामदायक कपड़े पहनने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से यह विस्तार करने की योजना बनाई है। पुरुषों के सबसे बड़े एवं शानदार स्टोर के साथ शहर में अपने प्रवेश के साथ, लॉमेन ट्रेंडी एवं इन-वोग कलेक्शंस लेकर आएगा। बिस्तुपुर का यह स्टोर 430 वर्गफीट क्षेत्र में फैला हुआ है और श्रेणी में सबसे बेहतरीन ट्रेंडिंग डिजाइनें और नए जमाने के फैब्रिक्स पेश करता है। यह पुरुषों के कैजुअल, दफ्तर तथा पार्टियों में पहनने वाले कपड़ों का स्टैंडर्ड बढ़ाते हैं। हर उपभोक्ता के लिए परफेक्ट, यह स्टोर पुरुषों को उनके वार्डरोब के लिए तरह-तरह के परिधान पेश करता है। यहां ग्राहक के लिए सुबह से लेकर रात तक पूरे दिन अलग-अलग अवसरों के लिए फैशनेबल कपड़े मौजूद है। स्टोर में आजकल के ट्रेंड के अनुसार, टी-शर्ट, जींस, कैजुअल शर्ट्स और ट्राउजर्स, कैजुअल पैंट और फैशन ट्राउजर्स मिलते हैं। स्टोर का माहौल आधुनिक समकालीन डिजाइन के कपड़ों के साथ अच्छी पसंद की झलक देता है। यहां कपड़ों की अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई है। यहां दिलकश लाइटिंग की गई है, जो उपभोक्ताओं को खरीदारी के लिये आकर्षित करती हैं। यहाँ पर सुप्रशिक्षित सेल्स असोसिएट्स मुस्कुराते हुये ग्राहकों का स्वागत करते हैं। इससे उपभोक्ताओं का खरीदारी का अनुभव और बेहतरीन बन जाता है। बिस्तुपुर में लॉमेन के स्टोर पर रोमांचक शुरूआती ऑफर्स का फायदा उठाने के लिये आपको जरूर जाना चाहिये। केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड के डायरेक्टर दिनेश जैन ने कहा, हम झारखण्ड प्रदेश के जमशेदपुर में अपने नये स्टोर का शुभारंभ करते हुए बहुत खुश हैं। यह राज्य में हमारा पहला स्टोर भी है। जमशेदपुर अपने बड़े-बड़े औद्योगिक संयंत्रों और प्रभावशाली लोगों की बढ़ती आबादी के कारण दुनियाभर में जाना जाता है। विस्तार के लिये हमारी कोशिशों में यह एक रणनीतिक मील का पत्थर है। नये स्टोर का खुलना अपने ग्राहकों को फैशन के लिये बेहतरीन समाधान प्रदान करने और खरीदारी का बेहतरीन अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। हम जमशेदपुर के लोगों के जीवन का हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं और उसी जुनून एवं समर्पण के साथ अपने ग्राहकों की सेवा करेंगे जिसके लिए लॉमेन मशहूर है।

### स्मार्टफोन टेक्नो पॉप 9 5जी को लांच

**नई दिल्ली।** भारत में किफायती स्मार्टफोन टेक्नो पॉप 9 5जी लॉन्च कर दिया है। टेक्नो कंपनी के इस फोन की शुरुआती कीमत 10 हजार रुपये से कम है। टेक्नो पॉप 9 5जी को तीन आकर्षक रंगों, आरोरा क्लाउड, एज्योर स्काई और मिडनाइट शैडो में पेश किया गया है। इसके साथ ही, कंपनी दो कॉम्प्लीमेंट्री स्किन भी प्रदान करेगी। इस फोन में हाई रेजोल्यूशन कैमरा और एनएफसी जैसी सुविधाएँ दी गई हैं। फीचर्स की बात करें तो टेक्नो पॉप 9 5जी में 120 एचजेड रिफ्रेश रेट वाली एलसीडी स्क्रीन है, जो मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 एसओसी चिपसेट पर आधारित है। यह 4जीबी रैम और 128जीबी तक के इंटरनल स्टोरेज के विकल्प के साथ आता है और एंड्रॉइड 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर कार्य करता है। कैमरे की बात करें तो इस स्मार्टफोन में 48 मेगापिक्सल का सोनी एआई कैमरा सेटअप और 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है।

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रन से हराया



महिला टी-20 विश्व कप

एजेंसी

**शारजाह।** कप्तान फातिमा सना के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार रात शारजाह में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के दूसरे मैच में श्रीलंका को 31 रन से हरा दिया।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए और फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 85/9 पर रोक दिया। पाकिस्तानी कप्तान सना (2/10) ने श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू को आउट करके महत्वपूर्ण शुरूआती सफलता हासिल की और पाकिस्तान को जीत की राह पर ले आईं। श्रीलंका के लिए केवल सलामी बल्लेबाज विशमी गुणारत्ने (34 गेंदों पर एक चौके की मदद से 20 रन) और नीलाक्षिका सिल्वा (25 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। पाकिस्तान के लिए सना के अलावा सादिया इकबाल ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए। यह एक ऐसा मैच था जिसमें गेंद का काफी दबदबा रहा, श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी पाकिस्तान पर अंकुश लगाए रखा, लगातार विकेट लेते हुए बल्लेबाजी लाइनअप को सीमित कर दिया, हालांकि कप्तान सना ने बल्ले से भी कमाल करते हुए 20 गेंदों पर 30 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। श्रीलंका के तीन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें चमारी ने 18 रन देकर 3 विकेट झटके। मैच में पाकिस्तान की नई कप्तान फातिमा सना ने शारजाह में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को दबाव में रखा। सुगंधिका कुमारी ने दोनों सलामी बल्लेबाजों गुल फिरोजा (4 गेंदों में 2 रन) और मुनीबा अली (14 गेंदों में 11 रन) को पावरप्ले में चलता किया। इसके बाद चमारी ने सिदरा अमीन (10 गेंदों में 12 रन) को और कविशा दिलहारी और उदेशिका प्रबोधनी ने क्रमशः ओमाइमा सोहेल (19 गेंदों में 18 रन) और निदा डार (22 गेंदों में 23 रन) को आउट कर पाकिस्तान के मध्यक्रम को तोड़ दिया। इसके बाद कप्तान फातिमा ने आलिया रियाज को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा, जिससे उनकी स्थिति 'फिनिशर' के रूप में सामने आई। वे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करती हैं, लेकिन इस मैच में सातवें नंबर पर आईं। लेकिन चमारी ने लगातार गेंदों पर तुबा हसन और रियाज को आउट कर पाकिस्तान को परेशानी में डाल दिया। इसके बाद कप्तान सना ने सिर्फ. 20 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रन का स्कोर खड़ा किया।

# भारत-बांग्लादेश पहले टी20 के लिए सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम



एजेंसी

**ग्वालियर ।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां होने वाले 6 अक्टूबर को होने वाले पहले टी20 क्रिकेट मैच के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ हिंदू महासभा के इसी दिन ग्वालियर बंद के आह्वान को देखते हुए ही इस मैच के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिससे इसका आयोजन सही प्रकार से हो सके। अधिकारियों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में विरोध प्रदर्शन और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर पर पाबंदी लगा दी है। यह आदेश 7 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। हिंदू महासभा ने कुछ समय पहले ही मैच के आयोजन का विरोध करते हुए कहा था कि इसे नहीं होने दिया जाएगा। इसके अलावा उसे जुड़े अन्य संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन की धमकी दी है जिसके मद्देनजर यह फैसला किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुलिस अधीक्षक की सिफारिश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए। इस आदेश के अनुसार जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति यदि सोशल मीडिया मंच के जरिए मैच में बाधा डालता है या धार्मिक भावनाओं को भड़काता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मैच में आप कुछ चीजें स्टेडियम में नहीं ले जा पाएंगे। इसमें आपत्तिजनक या भड़काऊ भाषा और संदेश वाले बैनर, पोस्टर, कट-आउट, झंडे और अन्य चीजों पर भी प्रतिबंध रहेगा।

## खास खबर

### ब्राजील ने बेराल्डो को किया शामिल

**ब्रासीलिया ।** ब्राजील ने चोटिल ग्लीसन ब्रेमर की जगह डिफेंडर लुकास बेराल्डो को चिली के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। ये मैच चिली और पेरू के बीच होगा। वहीं जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर को बुल लिपजिग के खिलाफ हुए चैंपियंस लीग मुकाबले के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गयी थी। इसके लिए अब उनकी सर्जरी होगी। वहीं ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर ने कहा, ब्रेमर के गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें उबरने के लिए आराम की जरुरत है। इससे वह जल्द से जल्द वापस कर सकेंगे। उसकी जगह, हम बेराल्डो को शामिल करेंगे ब्राजील का सामना सैंटियागो में 10 अक्टूबर को क्वालीफायर के नौवें दौर में चिली से होगा। इसके बाद उसे 15 अक्टूबर को ब्रासीलिया में पेरू से खेलना है। अभी तक आठ मैचों के बाद दस अंकों के साथ, ब्राजील अंक तालिका में पांचवें स्थान जबकि चिली पांच अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

### अंगद विजाग ओपन गोल्फ में शीर्ष पर पहुंचे

**विशाखापत्तनम ।** गोल्फर अंगद चीमा विजाग ओपन में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। अंगद ने एक करोड़ रुपये की ईनामी राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला। इससे वह नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे अंगद का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह अभी चार शॉट की बढ़त पर हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रहे अंगद ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था। वहीं पटना के अमन राज 66 और 68 के कार्ड के साथ ही आठ अंडर 134 के कुल स्कोर के साथ ही दूसरे स्थान पर रहे हैं। वहीं बेंगलुरू के आर्यन रूपा आंनद उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर है जिन्होंने 67 और 68 के कार्ड खेले।

### अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद की हुई शादी

**काबुल।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है। धूमधाम से हुई इस शादी में कई क्रिकेटर और अफगान बोर्ड के सीईओ नसीब खान और अधिकारी भी शामिल हुए। वहीं कई खिलाड़ियों ने राशिद को सोशल मीडिया के जरिये बधाई दी है। राशिद ने 18 अक्टूबर 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला एकदिवसीय मैच खेला था। पहले मैच में राशिद ने 10 ओवर डालते हुए कुल 20 रन दिए थे और 1 विकेट भी अपने नाम किया था। वह आईपीएल में में भी खेलते हैं और लीग के सबसे सफल गेंदबाज में से एक हैं। राशिद अफगानिस्तान की कप्तानी करनेवाले सबसे कम उम्र के कप्तान हैं। राशिद ने अब तक अफगानिस्तान के लिए कुल 5 टेस्ट, 105 एकदिवसीय और 93 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 34, 190 और 152 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही राशिद ने 106, 1322 और 460 रन भी बनाए हैं।

### यूनाइटेड और पोर्टो का मुकाबला बराबरी पर

**बुडापेस्ट ।** हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में जारी यूरोपा लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा। वहीं इससे पहले टोटेनहम ने यूरोपा लीग के दो में से दो मैच जीत लिए थे। मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के गोलों से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की। वहीं हैरी मैगुएर ने स्टॉपेज-टाइम हैडर के जरिये पोर्टो यूनाइटेड की ओर से एक अंक बचाया। वहीं सैमू ने ब्रेक से पहले पोर्टो की ओर से बराबरी का गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल कर पोर्टो को बढ़त दिला दी। पोर्टो जीत के करीब पहुंच गया था पर तभी मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर पर हेडर के जरिये गोल कर यूनाइटेड को बराबरी पर ला दिया।

# मणिपाल टाइगर्स ने सुपर ओवर में टॉयम हैदराबाद को रहाया



एजेंसी

**जम्मू ।** कप्तान हरभजन सिंह की टीम मणिपाल टाइगर्स ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के एक रोमांचक सुपर ओवर मुकाबले में टॉयम हैदराबाद को हरा दिया इसी के साथ ही मणिपाल ने इस टूनार्मेंट में पहला मुकाबला जीता है। इस मैच में निर्धारित 20 ओवरों में दोनो ही टीमों ने 7 विकेट पर 144 रन बनाए थे। सुपर ओवर में टॉयम हैदराबाद ने 2 विकेट पर केवल 4 रन बनाए। वहीं इसके बाद मणिपाल टीम ने तेजी से 3 गेंदों में 9 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

इस मैच में मणिपाल टाइगर्स की ओर से पहले बल्लेबाजी करने हुए फिल मस्टर्ड और मनोज तिवारी ने पहले विकेट के लिए 20 रन बनाये। थिसारा पेरेरा 48 रन बनाकर नाबाद रहे। मणिपाल ने 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन बनाये। टॉयम हैदराबाद की ओर से बिपुल शर्मा (2/20) और गुरकीरत सिंह (2/24) सबसे सफल गेंदबाज रहे। नुवान प्रदीप और इसुरु उदाना ने पारी में एक-एक विकेट लिया।

वहीं जीत क लिए 145 के लक्ष्य का पीछा करते हुए,शॉन मार्श के 35 गेंदों में 38 रन की शानदार पारी और कप्तान गुरकीरत सिंह मान के 35 गेंदों में 37 रन की सहायता से टॉयम हैदराबाद ने भी सात विकेट पर 144 रन बनाये। मणिपाल टाइगर्स के लिए राहुल शुक्ला ने (2/48) ने पारी में दो विकेट लिए। वहीं प्रवीण गुप्ता (1/21), असेला गुणरत्ने (1/16) और ओबुस पिएनार (1/12) ने भी एक-एक विकेट लिया। इसके बाद मुकाबला सुपर ओवर में पहुंचा। इसमें टॉयम हैदराबाद ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 गेंदों में केवल 4/2 रन बनाए। इसके आद केवल 5 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए थिसारा परेरा और डेनियल ने केवल तीन गेंदों में ही ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

# विश्व कप जीतना लक्ष्य था : रोहित




एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदनगर में एक क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। इस दौरान रोहित ने कहा कि विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य था और उसे जीतकर उन्हें ऐसा लगा जैसे नया जीवन मिल गया हो। भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुआ टी20 विश्वकप जीता था। इस प्रकार भारतीय टीम ने एक दशक के बाद कोई आईसीसी खिताब जीता था। इससे पहले भारतीय टीम को गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप में हार का सामना करना पड़ा था। तब रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने एकदिवसीय विश्व कप में अपने शुरूआती 10 मैच जीते थे पर अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित ने अकादमी का उद्घाटन करते कहा कि विश्व कप जीतने के बाद जिस प्रकार की खुशी हुई उससे मुझे लगा की एक नया जीवन मिल गया है। उन्होंने कहा कि हम यहां अपनी क्रिकेट अकादमी शुरू कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि इस अकादमी से हमें यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी मिलेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के बाद में शानदार जीत के बाद रोहित और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों को टी20 सीरीज से आराम दिया गया है।

# महिला टी 20 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका की टीम पहनेगी विशेष जर्सी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान अपने करीबी दोस्तों और परिवार को समर्पित विशेष अनुकूलित शर्ट पहनकर मैदान में उतरेंगे। खिलाड़ी जब मैदान में उतरेंगे तो उनकी प्लेइंग शर्ट पर उनके जीवन के अधिकतम पांच महत्वपूर्ण लोगों के नाम अंकित होंगे, ताकि वह घर पर अपने सबसे प्रिय और समर्थित मित्रों और परिवार की याद दिला सके। नाम प्रत्येक खिलाड़ी की शर्ट के कॉलर और नीचे की हेम के अंदर दिखाई देंगे। दक्षिण अफ्रीका की विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता का मानना है कि यह पहल एक उत्कृष्ट विचार है। जाफ्ता ने कहा, ?यह एक विशेष पहल है। जब मैं नीचे देखती हूं और उन लोगों के नाम पढ़ती हूं जो मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, तो यह मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने और उन लोगों की याद दिलाता है जो पहले दिन से मेरे लिए मौजूद हैं।दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट - जो संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप में पहली बार प्रोटियाज की कप्तानी करेंगी - ने कहा, ?टूनार्मेंट के दौरान घर का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने से मुझे ताकत मिलती है। मुझे पता है कि मैं वहां अकेली नहीं हूं; मेरे प्रियजन पूरी तरह से मेरे साथ हैं। दक्षिण अफ्रीका अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दुबई में करेगा।

# मुकेश कुमार ने ईरानी कप में लिए पांच विकेट

**नई दिल्ली ।** मुम्बई के गेंदबाज मुकेश कुमार ने ईरानी कप में शेष भारत के खिलाफ हुए मुकाबले में पांच विकेट लिए हैं। मुकेश ने शीर्ष क्रम के 3 बल्लेबाजों को पेवेलियन भेजा। मुकेश ने सबसे पहले पृथ्वी शॉ को आउट किया. इसके बाद उन्होंने आयुष महात्रे और हार्दिक तमोरे का विकेट निकाला। फिर उन्होंने शम्स मुलानी और जुबेर खान का भी विकेट लिए। इस तरह मुकेश ने कुल 110 रन देकर 5 विकेट लिए। मुकेश को इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। तब उन्हें सीरीज में केवल एक मैच में ही लिया गयाथा। वह पहली पारी में विकेट नहीं ले पाये पर दूसरी पारी में उन्हें एक विकेट मिला। मुकेश को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी अवसर नहीं मिला था।

# मां पीतांबरा की शरण में पहुंचे भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर



एजेंसी

**दतिया।** भारतीय टीम ने हाल ही में बांग्लादेश को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया है। टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को ग्वालियर के नए माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों ही टीमें ग्वालियर पहुंच चुकी हैं। मैच की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। मैच से पहले शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने दतिया के प्रसिद्ध पीतांबरा माई मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने इस दौरान पीला कुर्ता पहन रखा था।

शुक्रवार सुबह गौतम गंभीर दतिया पहुंचे और मां पीतांबरा माई के दर्शन किए। गंभीर ने मंदिर में पीतांबरा माई के दर्शन कर वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने गंभीर के दौरे के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।

मंदिर में दर्शन के बाद गौतम गंभीर ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पीतांबरा माई पर उनकी गहरी आस्था है और उन्हें विश्वास है कि मां का आशीर्वाद भारतीय टीम को महत्वपूर्ण मैच में सफलता दिलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा है और टीम पूरी तरह से तैयार है। गंभीर ने अपनी व्यक्तिगत श्रद्धा और आध्यात्मिकता पर जोर देते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है।

स्थानीय लोगों ने भी गंभीर के आगमन पर खुशी व्यक्त की और मंदिर परिसर में उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाने और ऑटोग्राफ लेने की कोशिश की, जिस पर गंभीर ने खुशी-खुशी प्रतिक्रिया दी और प्रशंसकों का अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि शंकरपुर स्थति माधवराव सिंधिया स्टेडियम के बनने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हो रहा है। मैच के लिए दोनों टीमें ग्वालियर में 2 अक्टूबर को आ चुकी हैं। भारतीय टीम के साथ कोच गौतम गंभीर भी हैं। दोनों टीमों के बीच कुल 3 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला टी20 छह अक्टूबर को, दूसरा नौ अक्टूबर को और तीसरा 12 अक्टूबर को खेला जाएगा।

# टी20 विश्व कप के बाद ही कप्तानी छोड़ना चाहते थे बाबर



एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान बाबर आजम के इस्तीफे के बाद आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाबर कोच गैरी कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद की टिप्पणियों से नाराज थे। वह टी20 विश्व कप के बाद ही बाबर कप्तानी छोड़ना चाहते थे। आजम का मानना था कि टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए केवल उन्हें ही दोषी ठहराया जा रहा था। कर्स्टन की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों के सार्वजनिक होने के बाद से ही बाबर ने पीसीबी को अपने पद छोड़ने के संकेत दे दिये थे। बाबर इस बात से निराश थे कि पीसीबी ने उनके पिछले प्रदर्शन और परिणामों पर विचार नहीं किया। बोर्ड ने उन पर जरूरी विश्वास और भरोसा भी नहीं दिखाया। इससे पहले कर्स्टन ने बोर्ड को अपनी रिपोर्ट में ड्रेसिंग रूम के माहौल के साथ-साथ इंग्लैंड और टी20 कप विश्व कप में कुछ खिलाड़ियों के व्यवहार और सहयोग न देने पर भी बात की थी। कर्स्टन का मानना था कि कप्तान के तौर पर बाबर में दबाव झेलने की क्षमता नहीं थी। उनके मुताबिक पिछले साल से मानसिक तनाव और आलोचना के बाद एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में टीम में उनकी भूमिका अधिक जरुरी है। पीसीबी सफेद गेंद प्रारूप में अभी एकदम से कप्तान के नाम की घोषणा नहीं करेगी। उसने चयनकर्ता असद शफीक और चयन समिति के कुछ सदस्यों से गहन विचार विमर्श करने के बाद नाम की सिफारिश करने को कहा है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चयन समिति द्वारा सभी आधिकारिक चचाओं की जानकारी चाहते हैं। इसके अलावा कोच से भी इस बारे में राय ली जाएगी।

# बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची



एजेंसी

**शंघाई।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके क्रोएशियाई साथी इवान डोडिग ने एटीपी शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना और डोडिग की जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की

पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडो-क्रोएशियाई जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मैच में 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और डोडिग ने आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार ब्रेक मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है। रामकुमार ने क्वालीफाइंग राउंड के माध्यम से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी जबकि नागल को सीधे प्रवेश मिला था।

# डब्लूटीसी फाइनल के लिए दावेदारी की रेस में हैं भारत




एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल के लिए एक प्रबल दोवेदार के तौर पर उभरी है। इसका कारण है कि भारतीय टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। उसके और दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया के बीच का अंतर भी बढ़ा है हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम का फाइनल में पहुंचना न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके प्रदर्शन पर आधारित रहेगा। डब्लूटीसी के फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को इन मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी। डब्लूटीसी चक्र में अभी 26 टेस्ट मैच होने हैं और पहले दो स्थानों के लिए टक्कर बढ़ती जा रही है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के अलावा श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका से भी भारतीय टीम को कड़ी टक्कर मिलेगी। भारतीय टीम के अभी 74.24 प्रतिशत अंक हैं। वहीं अगर वह न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया से पांच मैच जीतती है तो उसके 85.09 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। ऐसे में उसका फाइनल में पहुंचना तय रहेगा। इसके लिए उसे कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे और दो टेस्ट मैच ड्रॉ (56 अंक) कराने होंगे। जिसकी बदौलत वह 67.54 प्रतिशत अंक तक पहुंच जाएंगे। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के अभी 62.5 प्रतिशत अंकों के साथ भारत के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने सभी सात मैच जीत जाती है तब उसके खाते में 76.32 प्रतिशत अंक हो सकते हैं। जिन दो टीमों, भारत और श्रीलंका के खिलाफ उसे दो श्रृंखलाएं खेलनी हैं वे भी फाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार हैं। पांच जीत उन्हें 65.79 प्रतिशत अंकों तक पहुंचाएगी लेकिन भारत और दक्षिण अफ्रीका तब भी ऑस्ट्रेलिया से आगे जाने की स्थिति में होंगे। दक्षिण अफ्रीका अगर अपने शेष सभी छह टेस्ट जीत लेती है तब वह 69.44 अंकों तक पहुंच सकती है जबकि ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट जीतती है और दो टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो वह 64.04 अंकों तक ही पहुंच सकती है।अगर भारतीय टीम को 56 से कम अंक हासिल होते हैं तब हो सकता है कि वह शीर्ष दो स्थानों में शामिल नहीं रहे। अगर वह चार मैच जीतती है और एक मैच ड्रॉ होता है तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका भारत से आगे निकल जाएं। ऐस में श्रीलंका भी 67 से अधिक प्रतिशत अंक के साथ अंक तालिका में भारतीय टीम से आगे निकल जाएगी पर इसके लिए उसे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा।




हांगकांग में डब्ल्यूटीए ओपन टेनिस में खेलती हुई ऑस्ट्रेलिया की एजला टोमलीजेनोविक।



## अकेलेपन से बचने के कुछ उपाय

- दूसरों से अपेक्षा ना रखें और ना ही दूसरों के लिए जीने की कोशिश करें। आप देखेंगी कि आपकी जिंदगी में खुशियां बढ़ने लगी हैं।
- योग करें, खासकर हास्य योग। इससे आपकी चेतना सही रहेगी और आपका मन लोगों से मिलने-जुलने का करेगा।
- अगर दोपहर को आप अकेली रहती हैं, तो किसी गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाना शुरू करें। इससे आप के अंदर पॉजिटिवनेस बढ़ेगी।
- जिंदगी में नयापन लाने के लिए कोई प्रण लें-जैसे नॉनवेज छोड़ना, पालतू की देखभाल या सप्ताह में एक पौधा लगाना।
- टमाटर और चुकंदर का सलाद डिप्रेशन में कारगर साबित होता है। इससे आपके शरीर में खून की गति बढ़ती है और आप नई ऊर्जा से कोई काम कर पाएंगी।

# आप भी तो नहीं अकेलेपन का शिकार

**कई बार ऐसा होता है कि आसपास सबके होते हुए भी सन्नाटा सा लगता है। यानी कि भीड़ में रहकर भी तन्हा। यह अकेलापन अब रिश्तों को खाने लगा है। कई बार यह इतना अधिक खतरनाक हो जाता है कि आप डिप्रेशन की शिकार हो सकती हैं।**

भागदौड़ की इस जिंदगी में सन्नाटा अधिक होने लगा है। किसी के साथ रहने पर या घर, बच्चों व पति के साथ रहने पर अकेलापन लगता है। कभी-कभी तो बात करते-करते भी अकेलेपन का अहसास होने लगता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? इससे क्या प्रभाव पड़ सकता है। गर्मी की छुट्टियों में जब घर पर मेहमानों के आने का तांता लगता था, मैंने अम्मा को कहते सुना था, 'घर पर जब तक लोग आएं-जाएं नहीं, घर सूना-सूना सा लगता है। परिवार तो लोगों से ही बनता है।' मेहमानों के आने का मतलब था अम्मा का चौबीसों घंटे रसोई में खटना। पर वे इससे परेशान होने की बजाय उत्साहित रहतीं। वह एक दौर था, यह एक दौर है। तब मेहमान बुलाए नहीं जाते थे और ना ही उनके आने पर जाने की कामना की जाती थी। अब मेहमान बुलाए जाते भी हैं तो आते ही उनके जाने की कामना होने लगती है। इन वर्षों में कितना कुछ बदल गया है। रिश्तों का दायरा सिमटता जा रहा है और कुछ रिश्ते तो अपना अर्थ भी खोने लगे हैं। नई पीढ़ी की एक मां को कुछ दिनों पहले मैंने यह कहते पाया कि छुट्टियों में, मैं नहीं चाहती कि कोई घर आए, किसी के आने से मैं और मेरे पति अपने बच्चों को पूरा समय नहीं दे पाएंगे।

### सिंगल रहना है मजबूरी


अकेले रहना शहरी परिवारों की मजबूरी तो है ही, लेकिन यह किसी त्रासदी से कम भी नहीं है। छोटा घर, कम सदस्य और बढ़े हुए खर्चे। मेहमान आएं तो मुसीबत, मेहमान बन कर जाएं तो मुसीबत। धीरे-धीरे अकेले रहने की आदत पड़ जाती है। लेकिन कभी कोई इस रूटीन में चेंज कर जाता है तो लगता है कि कितनी जल्दी से अपने घर, अपनी रूटीन में वापस आ जाएं। एक रिसर्च बताता है कि इन दिनों परिवारों में खास कर महिलाएं अकेलेपन का जबरदस्त शिकार हो रही हैं। सालों तक रिश्तेदारों से कटी हुई जिंदगी जीने के बाद अचानक ऐसा लम्हा आता है, जब लोगों की जरूरत महसूस होती है, पर तब आपके आस-पास सिर्फ तन्हाई होती है। लोग तो कब का आपसे दूर हो चुके होते हैं।


### हाउस वाइफ महिलाएं होती हैं शिकार

अकेलेपन की यह त्रासदी ज्यादातर हाउस वाइफ महिलाओं को ही भोगनी पड़ती है। पति अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं और दफ्तर के अलावा उनके शौक भी बदल जाते हैं। बच्चे टीनएज में आते-आते अपने में ही मशगूल हो जाते हैं। वे या तो ऑन लाइन रहते हैं या फोन पर अधिक्तर समय व्यतीत करते हैं। जबकि महिलाएं पहले ही अपने परिवार, पति और बच्चों के चक्कर में रिश्तेदारों से कट जाती हैं। एक समय के बाद अगर महिला कामकाजी नहीं है, तो उसका समय काटना बहुत मुश्किल हो जाता है। उसे टीवी सीरियलों का सहारा होता है, जिस पर सास भी कभी बहू थी व परिवार की किच-किच दिखाया जाता है। पिछले दिनों नोयडा में ऐसा ही एक वाकया देखने को मिला था। हाई टेक सिटी नोएडा में अधेड़ उम्र की दो बहनें अपने माता-पिता और पालतू कुत्ते की मौत के बाद एक घर में कैद होकर रह गई थी। उन्होंने दुनिया से अपने को कुछ इस कदर काट लिया कि उनकी आह तक किसी को सुनाई नहीं देती थी। वे इस मानसिक स्थिति में इतना लाचार बन गई थीं कि खाना-पीना छोड़ दिया था।

### टेक्नोलॉजी का भी है असर

साइकोलॉजिस्ट मानते हैं कि अकेलेपन को न्योता हमने खुद ही दिया है। हमने अपने आपको समाज से, परिवार से, अपने पड़ोस से काट लिया है। शुरू में तो हमें सिर्फ अपने परिवार के साथ रहना अच्छा लगता है। दोस्त हों या रिश्तेदार-दखलंदाजी कम से कम बर्दाश्त करते हैं। यही नहीं, भागमभाग भरी जिंदगी में लोगों से मिलने-जुलने का वक्त भी कम होता है। टीवी, कंप्यूटर और अब फेसबुक और चैट ने हमारी लोगों से मिलने-जुलने की आदत जैसे खत्म-सी कर दी है। दुनिया के किसी कोने में क्या हो रहा है, यह तो हमें पता है, लेकिन अपने पड़ोस में क्या हुआ यह नहीं पता है। टीवी और इंटरनेट एक हद तक अकेलापन बांट सकता है? इसके बाद फिर वही दिन। फिर वही सूनापन। अकेलेपन से बाहर निकलने का सबसे अच्छा रास्ता है कि इससे डरना छोड़ दें।






# बॉडी पेंटिंग का खूबसूरत अंदाज

**यह पारंपरिक कला शैली से ऊपर उठकर आज फैशनपरस्तों के बीच बेहद आम है। बॉडी पेंटिंग यानी विभिन्न प्रकार के रंगों या मेहंदी के प्रयोग से शरीर पर बनाई गई कलाकृतियां। चाहे कोई क्रिकेट मैच हो या फिर कोई थीम पार्टी,युवाओं के बीच बॉडी पेंटिंग काफी प्रचलित हो चुकी है।**

आस्ट्रेलिया, प्रशांत द्वीपों, अफ्रीका के कुछ क्षेत्रों के अलावा भारत व मध्य एशियाई देशों में यह बॉडी पेंटिंग हमेशा से अलग-अलग रूपों में प्रचलित रही है। विशेषकर कबीलाई संस्कृति की यह कला आज न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय फैशन जगत में अपनी खास पहचान रखती है बल्कि अपने देश में भी युवाओं के बीच लोकप्रिय हो चुकी है। बॉडी पेंटिंग की सबसे बड़ी खासियत है कि यह गोदने या टैटू की तरह स्थाई नहीं होती हैं। इस बारे में एक सौंदर्य विशेषज्ञ का मानना है कि किसी भी प्रकार की अस्थाई बॉडी पेंटिंग शरीर पर अधिकतम 30 से 35 दिनों तक टिकी रहती है। बॉडी पेंटिंग में शरीर के लिए विशेष प्रकार से बनाए गए सुरक्षित रंगों का प्रयोग होता है इसलिए ये रंग शरीर को बिलकुल नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। आम धारणा है कि मेहंदी की कलाकृतियों के मुकाबले टैटू बनवाते वक्त अधिक सतर्कता की आवश्यकता होती है। हालांकि हकीकत यह है कि मेहंदी का रंग गाढ़ा हो और अधिक दिनों तक टिका रहे इसे ध्यान में रखते हुए इसमें डाई मिलाई जाती है। यह जरूरी नहीं है कि यह डाई आपकी त्वचा के अनुरूप ही हो, इसलिए पेंटिंग के पहले 48 घंटों के लिए एक पैच टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। आजकल बॉडी पेंटिंग के कई रूप चलन में हैं। जिनमें राशियों, कबीलाई चिह्नों, किसी खास पर्व से संबंधित या फिर धार्मिक चिह्नों पर आधारित बॉडी पेंटिंग प्रमुख हैं। इसके अलावा, मध्य एशियाई व भारतीय पारंपरिक कलाएं भी बॉडी पेंटिंग के रूप में काफी प्रचलित हो गई हैं। इनमें सबसे अधिक प्रचलित रूप है मेहंदी द्वारा अरैबिक डिजाइन जो पारंपरिक त्यौहारों के साथ-साथ किसी भी पार्टी या खास मौकों के लिए बनवाई जा सकती है।

कान के पीछे या कुहनी के नीचे मेहंदी के प्रयोग से अगर 48 घंटों तक आपको कोई परेशानी नहीं होती तो फिर यह पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके अलावा जिन रंगों का इस्तेमाल किया जाता है वे अधिकतर विदेशी कंपनियों के होते हैं और ये हानिकारक तत्व रहित होते हैं। काली मेहंदी के अलावा प्राकृतिक मेहंदी की बॉडी आर्ट भी इन दिनों चलन में है। यह अपेक्षाकृत कम दिनों तक टिकती है पर त्वचा के लिए यह पूरी तरह से सुरक्षित व प्राकृतिक है। वहीं पश्चिमी कबीलाई संस्कृति से आई मिट्टी व प्राकृतिक रंगों द्वारा मिली-जुली बॉडी पेंटिंग भी काफी चलन में है। आजकल इसमें एक्वा व क्रिलांस रंगों का भी प्रयोग बढ़ा है। इनमें से कुछ बॉडी पेंटिंग पानी से साफ हो जाती है पर कुछ पेंटिंग्स को साफ करने के लिए विशेष प्रकार के तेल का प्रयोग किया जाता है। यदि कुछ सावधानियों का ध्यान रखा जाए तो ये चित्रकारी पूरी तरह सुरक्षित है। शायद इसलिए ही आधुनिकता और परंपरा का ये मिला जुला फैशन दिन प्रतिदिन युवाओं के बीच और अधिक लोकप्रिय होता जा रहा है।





# आंखों का नूर कहीं बेनूर न हो

**आंखों का नूर बेनूर न हो, इसके लिए स्पेशल केयर की जरूरत होती है। अगर आप ऐसा कर पाती हैं, तो आपकी आंखें सुंदर और स्वस्थ रहेंगी।**

आंखों की खूबसूरती के लिए आप काजल, मसकारा और लाइनर आदि का इस्तेमाल तो करती ही होंगी, पर क्या यह आपके आंखों के लिए काफी है। ये मेकअप आंखों को बाहरी सुंदरता देता है, पर आंतरिक सुंदरता के लिए आंखों का स्वस्थ होना भी जरूरी है। आपकी थकी हुई आंखें आपकी शक्ल को खराब कर सकती हैं। ऐसे में आंखों की विशेष देखभाल भी जरूरी है। खेलते समय या बाहरी गतिविधियों में भाग लेते समय सुरक्षात्मक चश्मे यानी प्रोटेक्टिव आईवियर पहनें। इसे आप आई केयर प्रोवाइडर या खेल का सामान बेचने वाले स्टोर से ले सकती हैं। इससे आंखों को बाहरी चोट या बाहरी कणों व दबाव आदि से बचा सकती हैं। धूप के चश्मे न केवल स्टाइल के लिए होते हैं, बल्कि आपकी आंखों को सूर्य की अल्ट्रावायलट किरणों से भी बचाते हैं। इसलिए धूप के चश्मे खरीदते समय, ऐसे गॉगल्स लें, जो यूवी-ए व यूवी-बी विकिरण को 99 से 100 प्रतिशत तक रोकते हों। कम्प्यूटर पर काम करते समय बीच-बीच में आंखों को झपकाना न भूलें। कई घंटों तक लगातार काम करने या पढ़ने से आपकी आंखों पर दबाव पड़ने लगता है। इन परिस्थितियों में हर 20 मिनट बाद, अपने सामने 20 फुट तक, 20 सेकंड के लिए देखें।



# ताकि फिगर रहे परफेक्ट

**मोटापा केवल बीमारियों की खान ही नहीं होता, फिगर को भी बिगाड़ता है। देखा गया गया है कि मोटे लोग अपनी उम्र से चार साल अधिक के ही दिखते हैं। पर आप तो ऐसा नहीं चाहेंगी, इसलिए पढ़ें यहां दिए गए नुस्खे और करें अमल।**

बॉलीवुड हीरोइनों के फिगर को देख मन में ख्वाहिश होती होगी कि उसके जैसा फिगर मेरा क्यों नहीं है? पर क्या आपने कभी सच्चे मन से वजन कम करने की कोशिश की है। परफेक्ट बॉडी, परफेक्ट शेप यूं ही हासिल नहीं होते, बल्कि इसके लिए प्रयास भी करने पड़ते हैं। बॉलीवुड हीरोइन सोनम कपूर को देख आप उनकी स्टाइलिंग पर फिदा जरूर होती हैं, पर क्या आपको मालूम है कि फिल्मों में आने से पहले सोनम ने 35 किलो वजन कम किया है, इससे पहले उनका वजन लगभग 90 किलो था। खानपान में बदलाव करने के साथ सोनम ने वर्कआउट किया और एक साल में चमत्कारिक रूप से अपना वजन कम किया। आज भी सोनम रोजाना सुबह लगभग एक घंटे व्यायाम करती हैं। इसके अलावा वे फिट रहने के लिए कत्थक भी करती हैं। सोनम शाम छह बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट्स युक्त फूड नहीं लेती और ना ही ऑयली फूड्स लेती हैं। दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा ने भी बॉलीवुड में कदम रखने से पहले 30 किलो वजन कम किया था। और आज परिणाम आपके सामने है। अब तो आप समझ ही गई होंगी कि अपने को दुरुस्त रखने और छरहरा दिखने के लिए ये हीरोइनें कितनी मेहनत करती हैं। अगर आप भी चाहें, तो अपना वजन कम कर सकती हैं। फैट कम करने व बॉडी को बेहतर शेप देने के लिए बाजार में आपके लिए कई विकल्प हैं। हालांकि इनका उपयोग किसी एक्सपर्ट की देखरेख में ही करें, तो अच्छा रहेगा

### काया की माया!

छरहरा या सुंदर। ये दो ऐसे शब्द हैं, जिन्हें हम अकसर आपस में मिला देते हैं। यह जरूरी नहीं कि जो छरहरा है, वह सुंदर दिखे ही। लेकिन कुछ लोग मॉडलों और हीरोइनों के जीरो फिगर और उनकी चमकदार त्वचा को देखकर उसे ही सुंदरता की सही परिभाषा मान लेते हैं। दरअसल, सेहतमंद ही सुंदर लगता है। छरहरापन असली सुंदरता नहीं कही जा सकती, क्योंकि अगर आप कोशिश करके छरहरी बनी भी हैं, तो यकीन मानिए उस कोशिश के नतीजन आपके चेहरे का तेज खत्म हो जाता है। क्रैश डायट पर चल रही काया को सुंदर दिखने के लिए मेकअप की कई परतें जरूरी होती हैं। हां, मॉडल्स का हद से ज्यादा छरहरापन आकर्षक भले ही लगे, पर काम का होता नहीं, क्योंकि इसके कारण ही ग्लैमर वर्ल्ड की छरहरी सुंदरियां आगे चलकर कई बीमारियों की शिकार भी हो जाती हैं। अब इस फैक्टर को खुद ग्लैमर वर्ल्ड भी समझ गया है।



### फिटनेस के साथ फन

आजकल जिम में कार्डियो वर्कआउट में शामिल एक्सरसाइज को अब डांस के साथ करवाया जाने लगा है। इसमें जुंबा, बेली, कंटेंपरेरी, भांगड़ा और फ्री-स्टाइल डांस के स्टेप्स शामिल हैं। इसी स्टेप्स में एक्सरसाइज के मूव्स शामिल होते हैं। एक घंटे की कार्डियो डांसिंग लगभग 600 कैलोरीज को बर्न करती है। इसको करने के बाद स्ट्रेस कम होता है व माइंड रिलैक्स रहता है, क्योंकि कार्डियो डांस व म्यूजिक मोटिवेशन देते हैं। इसके साथ पावर योगा भी तेजी से प्रचलित हो रहा है।

# खेसारीलाल की 'राजाराम' का फर्स्ट लुक जारी..

भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार खेसारीलाल यादव की बहुप्रतीक्षित फिल्म "राजाराम" का फर्स्ट लुक जारी किया गया। फर्स्ट लुक रिलीज होते ही फैंस के बीच भारी उत्साह का माहौल बन गया है। फर्स्ट लुक मुंबई में आउट किया गया। साथ ही प्रेस कांफ्रेंस भी किया गया। जिसे संबोधित करते हुए खेसारीलाल यादव ने पत्रकारों के जरिए अपील की कि दर्शक उनके काम को सराहें और सकारात्मक रूप से समर्थन दें। खेसारीलाल यादव ने कहा कि वे हमेशा अपने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के आभारी हैं और उनका प्रयास है कि वे अपने काम से सभी को मनोरंजन प्रदान करें।




उन्होंने यह भी अपील की कि भोजपुरी सिनेमा को बेहतर बनाने में सभी का सहयोग मिले। फिल्म "राजाराम" को लेकर खेसारीलाल यादव ने आगे कहा कि यह उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है, जिसमें उन्हें एक चुनौतीपूर्ण और अनोखा किरदार निभाने का मौका मिला है। इस फ़िल्म के सभी गाने सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल के साथ साथ सभी लीडिंग म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे।

"राजाराम" एक सुपरस्टार की कहानी है, जो उसके व्यक्तित्व और उसने आने वाले परिवर्तन के साथ साथ उसके समाज में योगदान को भी दर्शाती है। इस फ़िल्म में खेसारी लाल ने एक से बढ़कर एक किरदार निभाये है। इन सभी के साथ साथ, एक किरदार उन्होंने भगवान राम का भी निभाया है, जो भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में एक अनूठा और खास किरदार होने वाला है जो प्रभावशाली होने के साथ साथ, दर्शकों को आकर्षित भी कर रहा है।

इसका लुक, आउट होते ही, फ़ैन्स की उत्सुकता और बढ़ गई है। इतनी सारी भूमिकाओं के बीच, श्री राम की भूमिका, को निभाना आपने आप में ही एक सहनीय चीज़ है।

फिल्म के निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि "राजा राम मैंने निर्देशित किया है और खेसारीलाल यादव से इतने सारे किरदार पर काम करवाना मेरे लिए एक चैलेंज था, जिसमें मुझे बेहद मजा आया। अब उम्मीद है कि जब फिल्म थिएटर में आएगी, तब दर्शकों को भी खूब मजा आयेगा। फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान जल्द ही किया जाएगा, लेकिन फिलहाल "राजाराम" का लुक फैंस के दिलों में जगह बनाने में कामयाब हो चुका है। इस फिल्म में अभिनेता राहुल शर्मा भी प्रमुख किरदार में नज़र आ रहे हैं। यह फिल्म टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले बनाई जा रही है और इसका निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फिल्म में खेसारीलाल यादव के साथ आर्य बब्बर, राहुल शर्मा, सोनिका गौड़ा, सपना चौहान,के के गोस्वामी,विनोद मिश्रा, संजय महानंद,सुबोध सेठ,वीणा पाण्डेय,निशा तिवारी,अमित शुक्ला, और संजय पांडे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फ़िल्म के निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस है . फिल्म के लेखक अरविंद तिवारी हैं, जबकि डीओपी आर.आर. प्रिंस और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी का है।

# नवरात्रि पर 'मां भवानी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

नवरात्रि के पावन अवसर पर मशहूर अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और स्मृति सिन्हा स्टारर भोजपुरी फिल्म "मां भवानी" का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा पर शनिवार 5 अक्टूबर को शाम 6 बजे और रविवार 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से भी इस फिल्म का प्रसारण किया जाएगा।

इसकी जानकारी फिल्म के निर्देशक रजनीश मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा, "यह फिल्म नवरात्रि के अवसर पर भक्तों और दर्शकों के लिए विशेष रूप से बनाई गई है। 'मां भवानी' केवल एक फिल्म नहीं है, बल्कि यह एक आस्था, शक्ति और भक्ति का प्रतीक है। हमने इसे पूरी श्रद्धा और भावनाओं के साथ प्रस्तुत किया है, ताकि दर्शक मां भवानी की महिमा और शक्ति को गहराई से महसूस कर सकें।"

फिल्म को यशी फिल्म्स प्रा. लिमिटेड के बैनर तले निर्मित किया गया है और इसमें भोजपुरी सिनेमा के कई बड़े सितारे नजर आएंगे। प्रमुख भूमिकाओं में आम्रपाली दुबे, स्मृति सिन्हा, अंशुमान सिंह राजपूत, अवधेश मिश्रा, अयाज खान, अनीता रावत, खुशबू यादव, रंजीत सिंह समेत अन्य कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म के निर्माता पंकज तिवारी और अमित कुमार गुप्ता हैं। फिल्म की कहानी, संगीत और निर्देशक रजनीश मिश्रा हैं, जबकि गीतकार रजनीश मिश्रा और प्रफुल्ल तिवारी हैं। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म में छायांकन सुनील दत्तात्रेय अहीर का है और एक्शन निर्देशन टीनू वर्मा ने किया है। फिल्म की कहानी और भव्य प्रस्तुतिकरण दर्शकों को खासतौर पर नवरात्रि के इस मौके पर मां भवानी के अद्भुत स्वरूप का अनुभव कराएगी।



# गौतम शाह की 'भूत मंडली' की शूटिंग समाप्त

## मुख्य भूमिका में हैं जुबली स्टार निरहुआ

भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेशलाल यादव निरहुआ ने फ़िल्म निर्माता गौतम शाह और निर्देशक प्रवीण कुमार गुडुरी की फ़िल्म 'भूत मंडली' की शूटिंग कंप्लीट कर लिया है। इस फ़िल्म की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में की गई है। इस फ़िल्म में जौनपुर के विभिन्न रमणीय लोकेशन देखने को मिलेगा। फ़िल्म में केंद्रीय भूमिका में दिनेशलाल यादव निरहुआ क्लीन शेव में हैंडसम लुक में नजर आएंगे। वे इस फिल्म में भूत मंडली के साथ मस्ती करते हुए फुल टू धमाल मचाने वाले हैं। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसी फिल्म आ रही है, जिसमें लोग भूतों से डरेंगे भी और हँसेंगे भी। यानि कि इस फ़िल्म को देखने वाले दर्शकों को भूतों की मंडली डराने के साथ ही साथ उन्हें हंसाने और गुदगुदाने का भी काम करेगी। इस फ़िल्म में दिनेशलाल यादव निरहुआ के साथ एक्ट्रेस ऋचा दीक्षित और आस्था सिंह की रोमांचक केमेस्ट्री नजर आने वाली है। यह फ़िल्म हास्य और रोमांच से भरपूर है, जोकि हर वर्ग के दर्शकों के फुल इंटरटेनमेंट्स के लिए बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि डीजीटेक प्रोडक्शंस बैनर के तले बन रही भोजपुरी फ़िल्म 'भूत मंडली' के निर्माता गौतम शाह हैं. उन्होंने इसके पहले भोजपुरी फ़िल्म 'बोले चूड़ियां बोले कँगना', 'तुम बिन जाऊं कहाँ' का निर्माण किया है। फिल्मांकन डीओपी माही शेरला ने तो वहीं संगीतकार साजन मिश्रा ने मधुर संगीत तैयार किया है। फ़िल्म में मुख्य कलाकार दिनेशलाल यादव निरहुआ, ऋचा दीक्षित, आस्था सिंह, संजय पांडेय, मनोज सिंह टाईगर, देव सिंह, अनूप अरोड़ा, उमाकांत राय, रवि तिवारी, मंतोष सिंह, अजय सूर्यवंशी, आर्यन बाबू, नमिता पांडेय, सोनिया मिश्रा आदि हैं।



# हिना खान ने कहा– हर जगह दर्द है, लेकिन



हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं। हालांकि इस बीच भी वह अपने वर्क कमिटमेंट्स पूरे जरूर कर रही हैं। हाल ही में हिना ने मनीष मल्होत्रा के लिए रैंप वॉक किया। इस दौरान हिना की खूबसूरती ने सभी का दिल जीता। अब हिना ने एक इंटरव्यू के दौरान हिना ने अपना हेल्थ अपडेट दिया। हिना ने कहा कि हर जगह दर्द है, लेकिन वह उस साइड पर फोकस नहीं करती हैं।

हिना ने इंटरव्यू में कहा, 'सब अच्छा चल रहा है। मैं हमेशा से बोलती हूं, अच्छे दिन होते हैं तो बुरे दिन भी होते हैं। हर जगह दर्द है जैसा कि हम बोलते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं उस साइड पर फोकस करती हूं। मैं पॉजिटिव रहती हूं। मुझे काम करके मजा आता है। मुझे बिजी रहने में मजा आता है।' बता दें कि हिना ने मनीष के लिए जो रैंप वॉक किया था वो स्पेशयली कैंसर सर्वाइवर्स के लिए था। इस दौरान हिना के अलावा कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, ताहिरा कश्यप, सोनाली बेंद्रे भी थीं। हिना की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो उन्हें 15 साल हो गए हैं इंडस्ट्री में काम करते हुए। एक्ट्रेस का पहला शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। इसके बाद वह कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका का रोल करती दिखी थीं। हिना ने फिर बिग बॉस 11 और खतरों के खिलाड़ी 8 में भी पार्टिसिपेट किया था।

# मराठी फिल्म 'चिमनी पाखर' के भोजपुरी रीमेक में देव सिंह



मराठी सिनेमा की प्रतिष्ठित फिल्म "चिमनी पाखर" का भोजपुरी रीमेक, "मातृ देवो भव:", बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अभिनेता देव सिंह ने अपने अभिनय का जादू बिखेरा है। मराठी फिल्म उद्योग के लिए यह फिल्म एक मील का पत्थर थी, जिसे साल 2000 में रिलीज़ किया गया था। इसने बॉक्स ऑफिस पर नई ऊँचाइयाँ छुईं और अब इस सुपरहिट फिल्म का रीमेक भोजपुरी में आने वाला है।

इसको लेकर देव सिंह ने कहा कि, श्फिल्म 'मातृ देवो भवः' में काम करना मेरे लिए एक बड़ा अनुभव रहा। मराठी सिनेमा की प्रतिष्ठित फिल्म 'चिमनी पाखर' का भोजपुरी रीमेक बनाना और उसमें मुख्य भूमिका निभाना मेरे लिए गर्व की बात है। यह फिल्म अपने खास संदेश और दमदार कहानी के कारण दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाएगी।

देव सिंह ने आगे कहा, मैं पूरी टीम का धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। खासकर आम्रपाली दूबे और डॉ. महेश कुमार जैसे सह-कलाकारों के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को उतना ही प्यार देंगे जितना उन्होंने मराठी संस्करण को दिया था।

भोजपुरी रीमेक मातृ देवो भवः में सुपरस्टार आम्रपाली दूबे, डॉ. महेश कुमार और देव सिंह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माता और निर्देशक मच्छेंद्र चाटे ने देव सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उनका अभिनय और व्यक्तित्व फिल्म के लिए एकदम फिट है।

फिल्म का निर्माण देवयानी मूवीज के बैनर तले हुआ है। फिल्म की पटकथा और गीत सबा वर्मा ने लिखे हैं, जबकि संगीतकार साजन मिश्रा ने फिल्म को संगीत से सजाया है।

फिल्म के अन्य कलाकारों में मनोज टाइगर, संजय पांडे, अनूप अरोड़ा, स्वीटी सिंह राजपूत और बबलू खान शामिल हैं। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं, और जल्द ही दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे।

# दर्शकों को लुभाएगी फिल्म 'लव इज फॉरएवर'

किसी भी फिल्म को मनोरंजक बनाने के लिए फिल्ममेकर सबसे पहले एक अनोखी कहानी तैयार करता है। फिर उसमें गीत संगीत और ट्विस्ट जोड़कर इसे दिलचस्प बनाकर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करता है। आने वाली फिल्म श्लव इज फॉरएवरश् सामान्य कथाओं से अलग है, जो सस्पेंस, थ्रिलर, रोमांस, हॉरर, कॉमेडी और एक्शन के साथ रिलीज के लिए तैयार है।



फिल्म में अभिनेता रुशलान मुमताज, राहुल बी कुमार, कर्णिका मंडल, मुश्ताक खान, गरिमा अग्रवाल, गार्गी पटेल और जावेद हैदर ने अभिनय किया है। फिल्म निर्देशक एस श्रीनिवास, को-डायरेक्टर सोनू डंडोरिया और क्रिएटिव डायरेक्टर राजू प्रसाद ने फिल्म की कहानी को कलात्मक रूप से जीवंत किया है। सॉफ्ट टच इंटरटेनमेंट बैनर के अंतर्गत निर्मित फिल्म श्लव इज फॉरएवरश् निर्देशक के विविध दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेगी जिससे दर्शक रोमांचित हो उठेंगे। इस फिल्म के मेकर साउथ के स्टाइलिश एक्शन सुपरस्टार अल्लू अर्जुन से बहुत प्रभावित हैं और उन्हें विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकारों को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। रोमांचक कहानियाँ दर्शकों को प्रभावित करती हैं और प्रत्याशा पैदा करती हैं। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई, उत्तराखंड और गुजरात के भिन्न भिन्न लोकेशन पर की गई है। यह फिल्म फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जायेगी।

# अभिजात क्यों नहीं हैं भोजपुरी?

दो दिन पहले केंद्र सरकार ने मराठी सहित पांच भाषाओ को अभिजात भाषा का दर्ज़ा प्रदान कर दिया. इन भाषाओ मे बिहार से सम्बन्ध रखने वाली दो भाषा पाली और प्राकृत भी शामिल हैं. इसके अलावा असामिया और बंगला को भी इस भाषा के तहत मान्यता मिल गई. इस कदम के साथ ही शुरु हो गई सोशल मीडिया पर एक बहस. भोजपुरी के झंडाबरदार लोग इसे भोजपुरी की अवहेलना बताने लगे. भोजपुरी को आठवीं अनुसूची मे शामिल करने की मांग संसद से लेकर सडक तक उठाई जा चुकी हैं.

**बाते सिनेमा की**
**उदय भगत**

भोजपुरी फ़िल्म जगत का प्रतिनिधित्व करने वाले फिल्मो के सुपर स्टार रह चुके रवि किशन और मनोज तिवारी ने इस मुद्दे को उठाया. यही महीन पूर्व संसद सदस्य दिनेश लाल यादव निरहुआ ने तो संसद मे अपने पहले सम्बोधन मे ही इस मुद्दे को उठाया था और खूब वाहवाही लूटी लेकिन कई दशकों से उठ रही इस मांग पर सरकार ने अभी तक इसपर फैसला नहीं लिया हैं. हिंदुस्तान दुनिया का एकमात्र देश हैं जहाँ 5 हजार से भी अधिक भाषा और बोली बोलने वाले लोग रहते हैं और इनमे भोजपुरी बोलने वालों की संख्या काफी ज्यादा हैं, चुंकि भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता प्राप्त नहीं हैं इसीलिए इसकी कुल संख्या मात्र जनगणना के दस्तावेजों मे ही दर्ज़ हैं सरकारी आंकड़े मे नहीं. हालांकि भोजपुरी दुनिया की इकलौती ऐसी क्षेत्रीय भाषा हैं जो कई देशो की अधिकृत भाषा हैं. सवाल उठता हैं आखिर भोजपुरी को अभिजात श्रेणी की भाषा का दर्ज़ा क्यों नहीं मिला. आइये एक नजर ड़ालते हैं किन भाषाओ को इस श्रेणी मे मान्यता प्राप्त हैं.

अभिजात मूलतः मराठी शब्द है जिसका सम्बोधन अभिजात्य के रूप में होगा।अभिजात का मतलब यहाँ भाषा के परिप्रेक्ष्य में (क्लासिक) के रूप में देखा जा सकता है.अब तक देश की कुल 6 भाषाओं को अभिजात भाषा का दर्जा मान प्राप्त था जिनमे संस्कृत,तमिल,कन्नड़, मलयालम और ओड़िया शामिल थी अब इसमें मराठी, असामिया, बंगला, पाली और प्राकृत को भी शामिल कर लिया गया हैं. सवाल उठता हैं किसी भी भाषा को अभिजात भाषा का दर्ज़ा किस आधार पर दिया जाता हैं? इसको सरकार ने इस आधार पर परिभाषित किया हैं. भाषा प्राचीन और साहित्य श्रेष्ठ हो. भाषा का इतिहास कम से काम डेढ़ से ढाई हजार वर्ष पुराना हो, भाषा की खुद का स्वयंभूपण समृद्धि हो, प्राचीन भाषा और उसके आधुनिक रूप का मूल कायम रहे... तो क्या भोजपुरी इस श्रेणी मे शामिल हैं ? बात अगर भोजपुरी के इतिहास की करें तो इसका इतिहास सातवीं सदी से उल्लेखित हैं. कबीर दास को भोजपुरी का पहला कवि माना जाता हैं लेकिन उसके बाद से लम्बे अरसे तक भोजपुरी भाषा साहित्य मे ऐसा कुछ नहीं लिखा गया जिस पर भोजपुरी अपने आप पर गर्व कर सके. 20 वी सदी मे भिखारी ठाकुर और महेन्द्र मिसिर ने आकर इसकी कमी पूरी की लेजिक इनका साहित्य वर्तमान काल पर निर्भर हैं. इसमें कोई शक नहीं की भोजपुरी की माटी काफी उर्वरक हैं. इस मिट्टी ने हर क्षेत्र के पुरोधा को जन्म दिया जिन्होने भोजपुरी का नाम रोशन किया लेकिन संगीत और सिनेमा ने अपना बिभत्स रूप दुनिया मे पेश कर उन पुरोधाओं के नाम को धूमिल करने का प्रयास किया. आज भोजपुरी फिजी सहित कई देशो मे बोली और समझी जाती हैं लेकिन हिंदुस्तान मे ही इसे सम्मान नहीं हैं. तीन देशो मे दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त भोजपुरी को अगर हिंदुस्तान मे सम्मान दिलाना हैं तो सबसे पहले संविधान की आठवीं अनुसूचि मे जगह दिलाया जाए. अभिजात की श्रेणी मे आना फिलहाल असंभव दिख रहा हैं.

# आशा नेगी ने शेयर किया एक्सपीरियंस



टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी एक्टिंग का दम दिखा रही हैं। आशा आज सफलता के जिस शिखर पर बैठी हैं, यहां तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं था। प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ में भी उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा। इसमें कास्टिंग काउच भी शामिल है। जी हां, आशा नेगी अपने करियर के शुरुआती दिनों में कास्टिंग काउच झेल चुकी हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने अपने हालिया इंटरव्यू में किया है। लूडो एक्ट्रेस आशा नेगी ने हाल ही में हाउटरफ्लाई को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने कास्टिंग काउच को लेकर खुद के चौंकाने वाले अनुभव के बारे में बताया, जिसका सामना उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में किया था, जब वह 20 के दशक में थीं। उन्होंने बताया, 'उस समय यह कोई कोऑर्डिनेटर था, कोई अनजान आदमी। मेरी उससे मुलाकात हुई। मैं खुश थी कि मैं उससे मिली। उसने टेलीविजन के बारे में बात करना शुरू कर दिया, और मैं 20 साल की थी। वो पूरी तरह से मेरा माइंड वॉश करने की कोशिश कर रहा था कि ऐसा ही होता है और इसी तरह तुम आगे बढ़ोगी। उसने मुझसे कहा, जितने भी बड़े टीवी एक्टर हैं, सभी ने ऐसा किया है।'

# आलिया और आयुष्मान अभिनीत 'खूबसूरत सोच' कैंपेन

भारत की अग्रणी पर्यावरण-अनुकूल पेंट कंपनी और 24 अरब अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने अपने सजावटी पेंट्स की रेंज के लिए एक अभियान का अनावरण किया। 'खूबसूरत सोच' कैंपेन JSW पेंट्स की 'थिंक ब्यूटीफुल'की अनूठी स्थिति को दर्शाता है।



इस आकर्षक फिल्म में, ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट और आयुष्मान खुराना सभी को अपने विचारों को उड़ान भरने और जेएसडब्ल्यू पेंट्स के रंगों के साथ आत्म-अभिव्यक्ति की यात्रा पर निकलने के लिए आमंत्रित करते हैं। नया कैंपेन टेलीविजन चैनलों, डिजिटल, OOH और अन्य प्लेटफार्मों पर लॉन्च किया जा रहा है।

आलिया भट्ट और आयुष्मान खुराना की जीवंत और चंचल ऊर्जा दर्शकों को अपने रहने की जगहों में रंगों की सुंदरता को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। फिल्म का साउंडट्रैक उस्ताद गुलजार द्वारा रचित है, जो दर्शकों के लिए दृश्य और श्रवण अनुभव का एक सुंदर मिश्रण बनाता है। टीबीडब्ल्यूए इंडिया के सीईओ गोविंद पांडे कहते हैं, श्जेएसडब्ल्यू पेंट्स के साथ अब आपके घर को सजाने की कई नई संभावनाएं संभव हैं, जो पहले उपलब्ध नहीं थीं। अपने घर के बारे में आपकी सभी खूबसूरत सोच अब वास्तविक हो सकती है।

# शक्ति, भक्ति और सत्य की विजय का प्रतीक है श्री राम का चरित्र : डॉ डी.के. गुप्ता





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डी.के. गुप्ता एवं सांसद डॉ महेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

इस मौके पर श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। डॉ डी.के. गुप्ता ने कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह शक्ति, भक्ति और सत्य की विजय का प्रतीक है। यह समय हमें याद दिलाता है कि अंधकार और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए हमें अपने भीतर की शक्ति को जागृत करना चाहिए। रामलीला, जिसे हम प्रतिवर्ष बड़े उत्साह के साथ देखते हैं, केवल एक नाटक नहीं है, बल्कि हमारे आराध्य श्रीराम के आदर्शों को हमारे जीवन में उतारने का अवसर है। रामायण की कथा हमें सिखाती है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने कैसे धर्म, सच्चाई और मानवता के सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने जीवन को उच्चतम आदर्शों का प्रतीक बनाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, सेवा और त्याग का मार्ग ही सच्ची विजय का मार्ग है।

श्री सनातन धर्म मंदिर रामलीला समिति

# कलाकारों ने जीवंत अभिनय कर लूटी वाहवाही

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम में श्री सनातन धर्म मंदिर रामलीला समिति के दूसरे दिन के मंचन में कलाकारों ने समां बांध दिया।

इस दौरान दशरथ, सुमंत, और रानियों का महल में विचार विमर्श, सुमंत द्वारा दशरथ को वषिष्ठ मुनि आश्रम जाने को कहना। वशिष्ठ जी का आश्रम में आना दशरथ और सुमंत का परवेश, दशरथ द्वारा अपनी परेशानी बताना, गुरु द्वारा उपाय के रूप में श्रृंगी ऋषि को बुलवाना, यज्ञ की तैयारी करना श्रृंगी ऋषि का यज्ञ करना, अग्नि देव का प्रकट होना। महल में खुशी का वातावरण , दासी द्वारा तीनो रानियों को ह्वया देना और रानियों द्वारा खाना। दासियों द्वारा महल में आना और दशरथ को खुशखबरी देना, दशरथ द्वारा उत्सव की घोषणा करना। दशरथ और तीनो रानियों का बच्चो को खिलाना और खुश होना। वशिष्ठ जी द्वारा चारो बच्चो का नामकरण करना। और गीत ठुमक चलत रामचंद्र चलना। विश्वामित्र के यज्ञ को सुभाऊ मारीच द्वारा खराब करना आकाषवाणी होना कि राम अवतार हो गया है। विश्वामित्र का दशहरा महल में आना और राम और लक्ष्मण को साथ लेके जाना। जंगल में तड़का वध होना। सुभाऊं मारीच का दरबार। सुभाउ मारीच युद्ध और सुभाऊ मारीच का मर जाना।



कार्यक्रम में डा. टी.एन. गोविल, टी.एन. चैरसिया, सुषील भारद्वाज, अतुल मितत्तल, रमेष कुमार, एस.के.एस. राणा, मुकेष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, डी.के. मित्तल, एस.सी.गोयल, सुन्दर सिंह राणा, राम रतन शर्मा, विकास जैन, अनुज गुप्ता, सत्यनारायण गोयल, पंकज जिंदल, संजय गोयल, रामरत्न शर्मा, मित्रा शर्मा, विपिन बंसल, विनय शर्मा, राजीव अजमानी, प्रदीप अग्रवाल, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, अल्पेष गर्ग, अतुल वर्मा, राजीव गर्ग, महेन्द्र कटारिया, पवनदीप सिंह, चितरंजन, केषव गंगल, किरण बंसल, एस.पी. जैन, रोहित श्रीवास्तव, इन्द्र मोहन कुमार, अभय अग्रवाल, रामनिवास बंसल, के.के. बंसल, विकल गुप्ता, अरविन्द गर्ग, तुषार गोयल, अवधेष चैरसिया, लोकेष कष्यप, रमन भोला, प्रमोद रंगा, मयंक सोनी, सौरभ राणा, ममता पाण्डेय, आषीष जिंदल, संदीप पाठक, मोहित ढिंगरा, नीरज शर्मा, अर्पित गोयल आदि काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

सेक्टर-46 श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी

# सनातन संस्कृति की सीख देता है रामलीला मंचन : अनिल सिंह



**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा शुक्रवार को सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में आयोजित दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ नोएडा विधायक पंकज सिंह के बड़े भाई अनिल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामलीला एक ऐसा मंच है, जिसे हम पूरे परिवार के साथ एक साथ बैठकर देख सकते हैं, इससे बच्चों को भी कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है, इसलिए रामलीला में अपने साथ बच्चों को भी अवश्य लेकर आए, ताकि हम अपनी पुरानी परंपरा को कायम रख सके। रामलीला सनातन संस्कृति की सीख देती है।

दूसरे दिन की रामलीला में राम जन्म जन्म महोत्सव बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया ,नन्हे कलाकार द्वारा भगवान राम जी का रोल किया, जिसे देखकर रामलीला देखने आए लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित त्यागी, धर्मेंद्र चौहान, महेश अवाना, कार्तिक मिश्रा, राम अवतार सिंह, मदन शर्मा मौजूद रहे। लीला वाचक पंडित कृष्ण स्वामी ने श्री राम जन्म, वशिष्ठ जी द्वारा नामकरण तथा बाल लीला और विश्वामित्र आगमन तथा ताड़का वध और शुभांशु वध की लीला का विस्तार से वर्णन किया।

इस अवसर पर आयोजक समिति के के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , वाइस चेयरमैन पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंघल, पंडित कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल,ष्ट मनोज अग्रवाल,अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, प्रदीप गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, ष्ट राजीव जैन, राहुल गुप्ता , तेजेंद्र मलिक, सौरभ अग्रवाल, रोहिणी नगर, डॉक्टर मनोज अग्रवाल का रामलीला में विशेष सहयोग चल रहा है इस अवसर पर डॉक्टर एसपी जैन, नरेश कुछल, सुनील गुप्ता, सुशील सिंघल, महेश गुप्ता इंदिरापुरम, राकेश सिंगला, जगनेश भारद्वाज , योगेंद्र शर्मा वीरेंद्र गर्ग, महेश चंद्र अग्रवाल, वीके राणा, मूलचंद गुप्ता, सौरभ गोविल, कुलदीप कटियार, राजीव कपूर, सुमित शर्मा, संजीव अग्रवाल, शंकर मोदी ,सुनील जैन , वीके गुप्ता , राकेश गुप्ता , गौरव मित्तल, सौरव मित्तल , असीम जगिया, सत्येंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# डीजीएम पहुंचे रोहिल्लापुर गांव, 8 गाँवों की समस्याएं सुनी



**नॉएडा ( चेतना मंच )।** नॉएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन (नोवरा) के बुलावे पर नॉएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल ग्राम रोहिल्लापुर पहुंचे। यहाँ तकरीबन 8 से ज़्यादा गाँवों के प्रतिनिधियों के साथ चली मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई , जहाँ ग्रामीणों ने अपने अपने गाँव की समस्याएं और समाधान श्री रावल के सामने रखे।

हाल ही में नोवरा के अध्यक्ष रंजन तोमर को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम द्वारा एक सुझाव कमिटी में मेंबर के रूप में शामिल किया गया था, शुरूआती कामों में दो गाँवों में बैडमिंटन कोर्ट बनवाने पर सहमति बनी थी , इस बाबत सुझाव भी नोवरा द्वारा दिए गए जिनमें सोरखा गाँव, नंगली बाजिदपुर एवं शाहपुर में कोर्ट बनवाने की बात सुझाई गई।

विजय रावल ने कहा की वह जल्द ही सभी समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यवाही करेंगे अगले दो माह बाद फिरसे इस तरह की मीटिंग करके इन कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। इस दौरान साथ सीनियर मैनेजर, एपी ई, जे ई समेत अन्य अधिकारी मीटिंग में उपस्थित रहे। इस दौरान जगत तोमर, नितीश चौहान, रविंदर तोमर, धर्मपाल, हरिंदर यादव, विपिन तोमर, ब्रज किशोर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धूमधान से मनी अग्रसेन जयंती पर माता की चौकी, सांसद व मंत्री शामिल





**नोएडा ( चेतना मंच )।** अग्रवाल मित्र मंडल द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को सेक्टर-51 में माता की चौकी स्थापित की गई व संजय नागपाल एव टीम ने सुंदर भजनों को सुशीला आवाज में पेश कर वातावरण भक्तिमय कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, विधायक पंकज सिंह के भाई अनिल सिंह, उ.प्र. कृषि अनुसंधन परिसर के चेयरमैन कैप्टन विकास गुप्ता (दर्जा प्राप्त मंत्री), पूर्व विधायक श्रीमती विमला बाथम, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, श्रीमती अनिता अग्रवाल दर्जा प्राप्त मंत्री, एनईए अध्यक्ष विपिन महान, अमित गुप्ता, गणेश जाटव उमेश त्यागी सुशील गुप्ता, डीके मित्तल, अजय गोयल, डीडी मंगल, योगेंद्र शर्मा, वीके गुप्ता, डीके गुप्ता, श्रीमती रेनु अग्रवाल, आरके गुप्ता, अंकुर जैन, स्वागत अध्यक्ष संजय गोयल, मंच संचालन संदीप अग्रवाल, राजेंद्र जैन, बलराज गोयल, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महासचिव मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष पुनीत गर्ग, कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम गोयल, सह संयोजक मूलचंद गुप्ता, मुख्य यजमान के रूप में महेश अग्रवाल, मोहनलाल गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, भूपेंद्र मित्तल, पंकज अग्रवाल, दशरथ बंसल, धर्मेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गंगल, राजीव मित्तल, नरेश गर्ग, राहुल गुप्ता, चिराग गोयल, तुषार गोयल, धर्मेंद्र चौहान सुरेंद्र गर्ग श्रीकांत बंसल मोहनलाल गुप्ता अशोक गोयल सुनील गुप्ता एडवोकेट विकास बंसल विपिन अग्रवाल सुशील सिंघल कुलदीप गुप्ता अनुज गुप्ता लघु अग्रवाल आर.के गोयल रोहतास गोयल अनिल गुप्ता एडवोकेट अनिल गोयल एमजी गुप्ता सुधीर मित्तल सीए मनोज अग्रवाल अमीश राजवंशी आकाशदीप गुप्ता पंकज अग्रवाल सौरभ गुप्ता पंकज जिंदल सत्यनारायण गोयल राजीव अग्रवाल केशव गंगल सौरभ अग्रवाल अनिल अग्रवाल नवीन गुप्ता नवनीत गुप्ता अजय अग्रवाल ललित सिंघल ईशान गोयल प्रमांक अग्रवाल जेएम गुप्ता रामनिवास बंसल टी एन गोविल नेत्रपाल अग्रवाल मनोज बृजवासी विकास जैन मनोज गोयल राजेश जिंदल गिरीश कुमार कृष्ण स्वरूप गोयल मनीष गोयल एडवोकेट अंकित जैन संदीप अग्रवाल लवीश गर्ग श्री भगवान अग्रवाल विजय गुप्ता अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 200 स्वीमिंग संचालकों ने लिया एनओसी

## खेलकूद समिति के खाते में आए 2 करोड़ रूपए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला प्रशासन की सख्ती का असर अब स्विमिंग संचालकों पर जुर्माना लगाया गया। जिसके कारण जिला खेलकूद प्रोत्साहन



पूल संचालकों पर स्पष्ट दिख रहा है। अब तक 200 से अधिक संचालकों ने विधिवत शुल्क जमाकर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) हासिल किया है। ऐसा पहली बार देखने को मिला है।

उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि जिलाधिकारी के विशेष निर्देश पर, उनकी टीम ने विभिन्न सोसाइटियों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना आवश्यक अनुमति के संचालन कर रहे जिम और स्विमिंग पूल समिति के कोष में लगभग दो करोड़ रुपये की राशि जमा हुई है।

उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल नियामक अनुपालन को बढ़ावा देगा, बल्कि जिम और स्विमिंग पूल के उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और सुविधाओं की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करेगा। खेल विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह पहल क्षेत्र में खेल सुविधाओं के व्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को हादसामुक्त करने की पहल! सीआरआरआई करेगी नये सिरे से सर्वे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को हादसों से मुक्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने अब कमर कस ली है। अब केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) द्वारा एक्सप्रेसवे का नये सिरे से सर्वे कराया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय कुमार खत्री ने इस बाबत बताया कि एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा मानकों को सही कराने के लिए सीआरआरआई से सर्वे कराने को कहा गया है। सर्वे की रिपोर्ट आने के बाद खामियों को दुरूस्त कराया जाएगा। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के बाद बदलाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इस सर्वे में दुर्घटना के प्रमुख कारणों की जांच करने को कहा गया है। जिसमें इंटीग्रेटिड सिक्योरिटी एंव




ट्रैफ्कि मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के पोल, पुलिस द्वारा लगाई गई गेंट्री, नोएडा ट्रैफ्कि सेल द्वारा लगाएगी मार्ग निर्देशिका, जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गये सार्वजनिक शौचालयों, वाहय विज्ञापनों के यूनीपोल, फुटओवर ब्रिज, साइन बोर्ड तथा यातायात पुलिस की गेट्री को हादसों का प्रमुख कारण माना जा रहा है। इनके बदलाव पर भी सर्वे किया जाएगा।

दरअसल एक्सप्रेसवे पर बदलाव व सुधार का कदम एसीईओ संजय कुमार खत्री की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर लिया जा रहा है। इस रिपोर्ट में श्री खत्री की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने सुरक्षा मानकों की खामियों को उजागर किया था।

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण में तैनात अवर अभियंता के दो बेटों व उनके मित्र की सड़क हादसे में हुई दु:खद मौत के बाद श्री खत्री की अध्यक्षता में एक सर्वे टीम गठित की गई थी। उस टीम की रिपोर्ट के बाद अब हादसों के प्रमुख कारणों को जानने के लिए सीआरआरआई द्वारा नये सिरे से सर्वे कराया जाएगा।

# सेक्टर-11 में दीवाली मेला व डांडिया नाइट 26 को : अनुज गुप्ता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 में 26 अक्टूबर को दीवाली मेला तथा डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने दी।



उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सेक्टर-11 के निवासी एवं उनका परिवार लुत्फ उठा सकेंगे। प्रवेश बिल्कुल नि:शुल्क होगा। कार्यक्रम में पुरानी दिल्ली की मशहूर चाट एवं अन्य खाद्य पदार्थों के स्टॉल तथा बच्चों के लिए झूले भी लगाये जाएंगे।

अनुज गुप्ता ने बताया कि डांडिया नाइट में मशहूर पुरूष व महिला गायक बैंड के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे तथा लोग उस धुन पर डांडिया नृत्य करेंगे। दीवाली मेले का आयोजन सांय 4 बजे से शुरू होगा तथा देर रात तक डांडिया चलेगा। उन्होंने कहा कि स्टॉल की बुकिंग के लिए लोग आरडब्ल्यूए से संपर्क कर सकते हैं।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308